Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

दैनिक वेलकम इंडिया

नये भारत की नई सोच

RNI NO. UPHIN/2018/76874

वर्षः 6 अंकः 25 | शनिवार, 25 जनवरी -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## मोदी और मैक्रों की मुलाकात को लेकर विदेश मंत्रालय का बयान

# कहा- हमने फ्रांस का निमंत्रण स्वीकार कर लिया है

**नई दिल्ली।**

पीएम मोदी के मैक्रों के साथ पिछली मुलाकात 18 नवंबर को ब्राजील के रियो डी जेनेरियो में जी20 समिट के दौरान हुई थी। इससे पहले वह जनवरी में वतौर गणतंत्र दिवस के चीफ गेस्ट और उसके वाद जुन में इटली में ऋ7 समिट के दौरान दोनों नेताओं के वीच मुलाकात हुई थी। इससे पहले एआई समिट 2024 में साउथ कोरिया में हुआ था। डिफेंस डील होगी

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जयसवाल ने कहा कि फ्रांस एआई शिखर सम्मेलन की मेजबानी कर रहा है और फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने शिखर सम्मेलन की सह-अध्यक्षता के लिए पीएम



मोदी को आमंत्रित किया है। हमने निमंत्रण स्वीकार कर लिया है। मैक्रों ने बताया था कि फ्रांस 11-12 फरवरी तक एक एआई समिट आयोजित करेगा। इस समिट से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर एक अंतर्राष्ट्रीय चर्चा भी होगी। मैक्रों ने ये भी कहा था कि इस सम्मेलन के जरिए फ्रांस को अमेरिका, चीन और खाड़ी देशों से संवाद करने में मदद मिलेगी। बता दें कि पीएम मोदी के मैक्रों के साथ पिछली मुलाकात 18 नवंबर को ब्राजील के रियो डी जेनेरियो में जी20 समिट के दौरान हुई थी। इससे पहले वह जनवरी में वतौर गणतंत्र दिवस के चीफ गेस्ट और उसके वाद जुन में इटली में ऋ7 समिट के दौरान दोनों नेताओं के वीच मुलाकात हुई थी। इससे पहले एआई समिट 2024 में साउथ कोरिया में हुआ था। फ्रांस सरकार ने कहा है कि ग्लोवल एआई सेक्टर के जरिए इस तरह के फैसले लिए जाएंगे जिससे कि सामाजिक, आर्थिक और पर्यावरण के क्षेत्र में सार्वजनिक महत्व की दिशा में आगे बढ़ा जा सकते। माना जा रहा है कि इस दौरान भारत और फ्रांस के वीच दो वड़ी डिफेंस डील पर मुहर लग सकती है।

## विपक्षी सांसदों ने स्पीकर को लिखा पत्र, जगदंबिका पाल पर लगाया बड़ा आरोप



**नई दिल्ली।**

पत्र में लिखा गया है कि हितधारकों द्वारा उठाए गए इन मुद्दों को समग्र तरीके से संबोधित करने के लिए जेपीसी द्वारा एक व्यापक अध्ययन की अनिवार्य रूप से आवश्यकता है। वक्फ संशोधन विधेयक, 2024 पर संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) के सदस्यों ने माननीय अध्यक्ष ओम बिरला को एक पत्र सौंपा है, जिसमें उनसे यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया गया है कि जेपीसी अध्यक्ष पारदर्शी और निष्पक्ष रूप से कार्यवाही संचालित करें। पत्र में कहा गया है कि आज सुबह 11 बजे जब बैठक शुरू हुई तो हम विपक्ष के सदस्यों ने सभापति के कामकाज के संचालन के तरीके के खिलाफ पूरे सम्मान के साथ अपनी आवाज उठाई। हमने नियमों में विचारित उचित प्रक्रिया की अनदेखी करके जेपीसी के कामकाज के एकतरफा और अनुचित तरीके पर प्रकाश डाला। विपक्षी सांसदों ने दावा किया कि यह सम्मानपूर्वक प्रस्तुत किया गया है कि चूंकि 24 और 25 तारीख को बैठक के लिए निर्धारित नोटिस दिया गया था, इसलिए हम सदस्यों ने 31 तारीख को संसद सत्र शुरू होने के कारण 27 से 30 तारीख तक निर्वाचन क्षेत्र/राज्यों में अपने कार्यक्रम तैयार किए और इस तरह 27वीं बैठक को स्थगित करने के लिए प्रार्थना की। जबकि हमने इन उचित दावों को सभ्य तरीके से अध्यक्ष के सामने रखा, लेकिन उन्होंने जवाब देने का प्रयास भी नहीं किया। जैसा कि हम सभी ने अपमानित महसूस किया, हम खड़े हुए और अपनी मांगों को सुनने के लिए लोकतांत्रिक तरीके से अपनी आवाज उठाई।

## अमेरिका का स्वर्ण युग शुरू हो गया; अब पूरी दुनिया शांतिपूर्ण और समृद्ध होगी: ट्रंप

**नई दिल्ली।**

कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए यहां विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) की वार्षिक बैठक को संबोधित करते हुए ट्रंप ने कहा कि उनके प्रशासन ने चार दिनों में वह हासिल कर लिया जो अन्य सरकारें चार साल में भी हासिल नहीं कर सकीं।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बृहस्पतिवार को कहा कि उनके दूसरे कार्यकाल के साथ अमेरिका का स्वर्णिम युग शुरू हो गया है और जल्द ही पूरी दुनिया अधिक शांतिपूर्ण और समृद्ध होगी। उन्होंने कहा कि वह



सऊदी अरब और ओपेक (तेल निर्यातक देशों के संगठन) से तेल की कीमतें कम करने के लिए कहेंगे। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए यहां विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) की वार्षिक बैठक को संबोधित करते हुए ट्रंप ने कहा कि उनके प्रशासन ने चार दिनों में वह हासिल कर लिया।

## एक्टिंग छोड़ किन्नर अखाड़े की महामंडलेश्वर बनीं ममता कुलकर्णी, संगम में किया पिंडदान

**नई दिल्ली।**

बताया जा रहा है कि उनका पट्टाभिषेक किया जाएगा। साध्वी बनने के बाद ममता ने कहा कि महाकुंभ में आना और आयोजन की भव्यता देखना उनके लिए बेहद यादगार पल है। ममता ने यह भी कहा कि वह पवित्र महाकुंभ का गवाह बनकर खुद को भाग्यशाली महसूस कर रही हैं।

90 के दशक के दौरान बॉलीवुड में एक लोकप्रिय नाम रहीं ममता कुलकर्णी अब आधिकारिक तौर पर 'संन्यास' लेने के बाद साध्वी बन गई



हैं। वह महाकुंभ मेले में भी पहुंची हैं जहां उन्होंने किन्नर अखाड़े में आचार्य महामंडलेश्वर डॉ. लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी से मुलाकात की। वह गले में रुद्राक्ष की माला और कंधे पर भगवा बैग लटकाए नजर आईं। सोशल मीडिया पर ममता का एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें वह एक हिंदू साधु की तरह भगवा रंग की पोशाक पहने हुए देखी जा सकती हैं। पूर्व अभिनेत्री ममता कुलकर्णी ने उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में संगम घाट पर अपना 'पिंड दान' किया। किन्नर अखाड़े की आचार्य महामंडलेश्वर लक्ष्मी नारायण ने कहा कि किन्नर अखाड़ा उन्हें महामंडलेश्वर बनाने जा रहा है। उनका नाम श्री यामाई ममता नंदगिरि रखा गया है। ममता कुलकर्णी ने कहा कि यह महादेव, महा काली का आदेश था।

## कुश्ती की शीर्ष वैश्विक संस्था ने दी भारत को निलंबन की धमकी

**नई दिल्ली।**

कुश्ती की शीर्ष वैश्विक संस्था-यूडब्ल्यूडब्ल्यू ने भारत को निलंबित करने की धमकी दी है।

यूडब्ल्यूडब्ल्यू ने सख्ती दिखाते हुए कहा है कि कुश्ती महासंघ की स्वायत्तता में हस्तक्षेप स्वीकार्य नहीं है। कुश्ती की शीर्ष वैश्विक संस्था यूनाइटेड वर्ल्ड रेसिलिंग (यूडब्ल्यूडब्ल्यू) ने भारत को निलंबित करने की धमकी दी है। संस्था के अध्यक्ष नेनाद लालोविच ने लिखा है कि भारतीय कुश्ती महासंघ के आंतरिक मामलों में राजनीतिक



हस्तक्षेप बंद नहीं हुआ और उसकी स्वायत्तता बरकरार नहीं रही तो उस पर प्रतिबंध लगाया जा सकता है। खेल मंत्रालय ने कुश्ती महासंघ को दिसंबर, 2023 से निलंबित कर रखा है। विश्व चैंपियनशिप में टीम तो भेज दी गई, लेकिन अन्य टूनामेंटों में टीमें नहीं जा पा रही हैं।

## मुकेश अंबानी जामनगर में बनाएंगे दुनिया का सबसे बड़ा एआई-संचालित डेटा सेंटर

**नई दिल्ली।**

इस डेटा सेंटर के जरिए देश के डिजिटल बुनियादी ढांचे के निर्माण में अहम भूमिका निभाई जाएगी। वैश्विक एआई दौड़ में भी भारत को अधिक प्रतिस्पर्धी बनने का मौका मिलेगा। मुकेश अंबानी के नेतृत्व वाली रिलायंस एक अग्रणी एआई प्रौद्योगिकी डेवलपर एनवीडिया से दुनिया के उन्नत सेमीकंडक्टर खरीदकर एआई प्रौद्योगिकियों में रणनीतिक रूप से निवेश कर रही है।

रिलायंस इंडस्ट्रीज के मालिक मुकेश अंबानी अब नया कारनामा करने जा रहे है। मुकेश अंबानी जल्द ही गुजरात के जामनगर में दुनिया का सबसे बड़ा डेटा सेंटर बनाने वाले है। ये मुकेश अंबानी की बेहद महत्वाकांक्षी परियोजनाओं में शुमार



है। इस परियोजना के निर्माण के लिए भारत की तेजी से बढ़ती आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस क्षमता को भी मजबूती मिलेगी। इस डेटा सेंटर के जरिए देश के डिजिटल बुनियादी ढांचे के निर्माण में अहम भूमिका निभाई जाएगी। वैश्विक एआई दौड़ में भी भारत को अधिक प्रतिस्पर्धी बनने का मौका मिलेगा। मुकेश अंबानी के नेतृत्व वाली रिलायंस एक अग्रणी एआई प्रौद्योगिकी डेवलपर एनवीडिया से दुनिया के उन्नत सेमीकंडक्टर खरीदकर एआई प्रौद्योगिकियों में रणनीतिक रूप से निवेश कर रही है। अक्टूबर 2024 में, एनवीडिया एआई शिखर सम्मेलन के दौरान, यह घोषणा की गई थी कि रिलायंस और एनवीडिया ने भारत में एआई बुनियादी ढांचे की स्थापना के लिए साझेदारी की है। इस सहयोग के हिस्से के रूप में, एनवीडिया रिलायंस को उसके एक गीगावाट डेटा सेंटर के लिए अत्याधुनिक ब्लैकवेल एआई प्रोसेसर से लैस करने जा रहा है। शिखर सम्मेलन में, एनवीडिया के सीईओ जेन्सेन हुआंग ने मुकेश अंबानी के साथ बातचीत के दौरान कहा कि उनका मानना ??है कि भारत को अपना स्वयं का एआई निर्मित करना चाहिए।

## सीएम योगी आज परखेंगे मौनी स्नान एवं प्रधानमंत्री के कार्यक्रम की तैयारी

**प्रयागराज।**

इस दौरान वह योगी महासभा के शिविर में जाने के साथ विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री मौनी अमावस्या स्नान तथा प्रधानमंत्री के कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा भी करेंगे। मुख्यमंत्री आज फिर तीर्थनगरी आएंगे और महाकुंभ नगर में करीब पांच घंटे रहेंगे। इस दौरान वह योगी महासभा के शिविर में जाने के साथ विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री मौनी अमावस्या स्नान तथा प्रधानमंत्री के कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा भी करेंगे। मुख्यमंत्री एक सप्ताह के भीतर ही शनिवार को तीसरी बार आएंगे। उन्होंने 19 जनवरी को मौनी अमावस्या स्नान की तैयारियों की समीक्षा की थी। साथ ही शंकराचार्य संगम अन्य संतों से मुलाकात की थी। इसके बाद 22 जनवरी को पूरे मंत्रीमंडल के साथ संगम स्नान किया था। साथ ही कैबिनेट की बैठक हुई थी। अब शनिवार को वह फिर आ रहे हैं। मुख्यमंत्री का हेलिकॉप्टर अरैल में करीब 11:30 बजे उतरेगा। इसके बाद वह पांटून पुल से होते हुए योगी महासभा के शिविर में जाएंगे। फिर कल्याण सेवा आश्रम में जाएंगे।



## गणतंत्र दिवस2025

## जमीन से लेकर आसमान तक सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम, सुबह तीन बजे शुरू होंगी मेट्रो सेवाए



**नई दिल्ली।**

गणतंत्र दिवस परेड 2025 और अन्य समारोहों में शामिल होने वाले अधिकतम यात्रियों की सुविधा के लिए दिल्ली मेट्रो की सभी लाइनों पर संशोधित कार्यक्रम का पालन किया जाएगा।

गणतंत्र दिवस समारोह को लेकर तैयारिया जोरो पर है। राजधानी में अर्द्धसैनिक बलों की 70 से अधिक कंपनियों और 15,000 से अधिक पुलिसकर्मियों को तैनात किया जाएगा। वहीं, दिल्ली मेट्रो भी रविवार को तड़के तीन बजे अपनी सेवाएं शुरू करेगी ताकि लोगों को कर्तव्य पथ तक

- **बयान के मुताबिक यात्रियों की सुगम यात्रा सुनिश्चित करने के लिए सुबह छह बजे तक 30 मिनट के अंतराल पर ट्रेनें चलेंगी।**

पहुंचने में सुविधा हो। कर्तव्य पथ पर गणतंत्र दिवस समारोह को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है। गणतंत्र दिवस परेड 2025 और अन्य समारोहों में शामिल होने वाले अधिकतम यात्रियों की सुविधा के लिए दिल्ली मेट्रो की सभी लाइनों पर संशोधित कार्यक्रम का पालन किया जाएगा। एक आधिकारिक अधिसूचना में, मेट्रो अधिकारियों ने यात्रियों को सूचित किया कि ट्रेनें सुबह 6 बजे तक 30 मिनट के अंतराल पर चलती रहेंगी। यात्रियों को सुगम यात्रा उपलब्ध कराने के लिए यह निर्णय लिया गया है। डीआरएमसी प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि उसके बाद ट्रेनें अपनी सामान्य दिनचर्या में वापस आ जाएंगी।

आधिकारिक बयान के मुताबिक देश भर में गणतंत्र दिवस के उत्सव के बीच दिल्ली मेट्रो रविवार को सुबह तीन बजे सभी लाइनों पर अपनी सेवाएं शुरू कर देगी, ताकि लोग कर्त्तव्य पथ तक पहुंच सकें और वहां आयोजित होने वाली गणतंत्र दिवस परेड और समारोह देख सकें।

**भारत मौसम विभाग (आइएमडी) ने फरवरी की शुरूआत में उत्तर के राज्यों में बारिश होने का अनुमान जताया है।**

# सर्द हवाओं ने बढ़ाई सिहरन, बारिश बढ़ाएगी ठंड

**नई दिल्ली।** उत्तर-पश्चमी हवाओं के कारण ठंड का तेवर ढीला पड़ गया है। तापमान में लगातार वृद्धि है। किंतु अभी इसे शीत ऋतु की समाप्ति नहीं माना जा सकता है। पाकिस्तान में एक पश्चिमी विक्षोभ फिर सक्रिय होने वाला है, जो 29-30 जनवरी के बीच उत्तर के पहाड़ी इलाके में पहुंच सकता है।

इसके असर से जनवरी के आखिरी में उत्तर भारत के राज्यों में मौसम फिर से करवट लेगा, जो फरवरी के पहले हफ्ते तक जारी रह सकता है, लेकिन इसके पहले मौसम में कोई खास बदलाव नहीं दिखेगा। मतलब गणतंत्र दिवस पर भी मैदानी इलाकों का मौसम शुष्क ही बना रहेगा।

भारत मौसम विभाग (आइएमडी) ने फरवरी की शुरूआत में उत्तर के राज्यों में बारिश होने का अनुमान जताया है। दिल्ली समेत उत्तर भारत के मैदानी राज्यों में अचानक तापमान के चढ़ने और गर्माहट बढ़ने के पीछे दो प्रमुख कारण बताए जा रहे हैं। पश्चिमी विक्षोभ आगे बढ़ चुका है। साथ ही वर्तमान में मध्य प्रदेश के मौसम को प्रभावित करने वाली कोई मौसम प्रणाली भी सक्रिय नहीं है। हवा का रुख भी उत्तरी हो गया है। इस वजह से एक बार फिर सिहरन बढ़ने लगी है। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक उत्तर भारत के पहाड़ी क्षेत्रों में हाल ही में जबरदस्त बर्फबारी हुई है। वहां से आ रही सर्द हवाओं के कारण तापमान में गिरावट होने लगी है। शनिवार को न्यूनतम तापमान में तीन डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट हो सकती है।



## संपादक की कलम से

### मुफ्त का चंदन


यह विडंबना है कि आजादी की हीरक जयंती मना चुके देश में मतदाता को हम इतना जागरूक नहीं बना पाए कि वो अपने विवेक से मतदान कर सके। निस्संदेह, यदि देश में गरीबी और आर्थिक असमानता है तो हमारे नीति–नियंताओं की विफलता ही है। लेकिन हम में कम से कम इतना राष्ट्र प्रेम तो होना चाहिए कि निहित स्वार्थों के लिये हम राष्ट्रीय हितों की बलि न चढ़ाएं। दिल्ली के चुनाव में मुफ्त–मुफ्त का जो खेल विधानसभा चुनाव प्रक्रिया के दौरान चल रहा है, उसके जनक विभिन्न राज्यों में कई राजनेता भी रहे हैं। लेकिन फिलहाल दिल्ली में केजरीवाल की चर्चा ज्यादा है। वे नित नये राजनीतिक प्रलोभन देकर मतदाताओं को अपने पाले में लाने के प्रयास में जुटे हैं। विडंबना यह है कि कुछ समय पहले तक भाजपा का शीर्ष नेतृत्व भी मुफ्त की रेवड़ियां बांटने को राष्ट्रीय हितों के लिये घातक बताता था, वही भाजपा केजरीवाल को उसी की मुफ्त वाली नीतियों से मात देने के लिये चुनावी मैदान में उतरी है। दरअसल पिछले आम चुनाव में चार सौ पार के अरमानों को झटका लगने के बाद भाजपा भी मुफ्त के खेल में उलझ गई है। दौड़ में अब कांग्रेस भी उतर गई है। विडंबना यह है कि जो पैसा दीर्घकालिक विकास कार्यों में लगाया जाना चाहिए था, वह मुफ्त के फेर में फंस गया है। यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि जिस भी महकमे ने मुफ्त में सेवाएं देनी शुरू की, उसका भट्ठा ही बैठा है। अब चाहे मुफ्त की बिजली हो, पानी हो या फिर बस सेवा। कमोबेश, यही हाल भारतीय रेलवे का भी है, जो राजनेताओं के किराये बढ़ाने के विरोध के बाद खुद को संभाल नहीं पा रही है। बड़ा तंत्र होने के बावजूद उसके सुरक्षातंत्र को मजबूत बनाने के लिये पर्याप्त लाभ नहीं कमाया जा सका। विडंबना यह भी है कि तंत्र में व्याप्त भ्रष्टाचार और दूरदर्शी राजनेताओं के अभाव में विकास की रोशनी हर घर तक नहीं पहुंची। लेकिन इसका समाधान मुफ्त के खेल में कदापि नहीं है। निस्संदेह, मुफ्त की नीति लोगों को अकर्मण्य बनाती है। जरूरी था कि लोगों को इतना सक्षम बनाया जाता कि उन्हें स्थायी रोजगार का अवसर मिलता। फिर उन्हें मुफ्त मांगने की जरूरत ही नहीं होती। विडंबना यह है कि हमारे परिवार–समाज की धुरी मानी जाने वाली महिलाओं को प्रलोभन देने का खेल राष्ट्रीय स्तर पर शुरू हो गया है। पहले ये शुरूआत मध्यप्रदेश से हुई। फिर महाराष्ट्र में बहनों के लिये आर्थिक प्रोत्साहन राशि गेम चेंजर साबित हुई। अब वही कवायद दिल्ली के विधानसभा चुनाव में देखी जा रही है। दिल्ली की आप सरकार ने पहले मुख्यमंत्री महिला सम्मान योजना के तहत एक हजार रुपये की राशि पात्र महिलाओं को बांटी। अबकी बार आप ने यह राशि बढ़ाकर 2,100 करने की घोषणा की है।



ललित शर्मा
संपादक

# केजी से पीजी तक फ्री एजुकेशन और मुफ्त इलाज- कब साकार होगा यह सपना ?





भारतीय जनता पार्टी ने दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर 21 जनवरी 2025 को जारी किए गए अपने दूसरे संकल्प पत्र में यह वादा किया है कि दिल्ली की सत्ता में आने पर पार्टी जरूरतमंद छात्रों को केजी से पीजी तक फ्री शिक्षा देगी। इस पर पलटवार करते हुए आम आदमी पार्टी के सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल ने आरोप लगाया है कि दिल्ली की सत्ता में आने पर भाजपा मुफ्त शिक्षा और मुफ्त इलाज बंद कर देगी।

राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप से अलग हटकर देखा जाए तो फ्री एजुकेशन का यह मसला अपने आप में बहुत ही गंभीर मसला है और दुर्भाग्य से इस परिस्थिति के लिए इस देश के सभी राजनीतिक दल जिम्मेदार है। आज कोई भी राष्ट्रीय या बड़ा क्षेत्रीय दल सार्वजनिक शिक्षा और स्वास्थ्य की बदहाली के लिए अपने आपको जिम्मेदार से मुक्त नहीं बता सकता है क्योंकि लगभग सभी राजनीतिक दलों ने कभी न कभी सत्ता का सुख जरूर भोगा है। गठबंधन राजनीति के दौर में, देश की राजनीति में सक्रिय ज्यादातर राजनीतिक दल या तो केंद्र की सत्ता में भागीदार रहे हैं या किसी ना किसी राज्य में सरकार चला चुके हैं या वर्तमान में भी चला रहे हैं।

वास्तविकता तो यह है कि भारत जैसे कल्याणकारी राज्य में मुफ्त शिक्षा और मुफ्त इलाज जैसे बेसिक दायित्वों से लगभग सभी सरकारों ने पल्ला झाड़ लिया है। मुफ्त शिक्षा में कई तरह की शर्तें लगा दी गईं हैं। सरकारी स्कूलों की हालत हर गुजरते दिन के साथ खराब होती जा रही है। देश की राजधानी दिल्ली के सरकारी स्कूलों में जब साइंस और मैथ्स जैसे विषयों के अध्यापकों की भारी कमी है तो देश के अन्य राज्यों के स्कूलों का अंदाजा आप लगा सकते हैं। देशभर के सरकारी स्कूलों में मिलने वाली ड्रेस की गुणवत्ता और किताबों पर लगातार सवाल उठते रहते हैं। एनसीईआरटी तो समय पर किताब छपवाना ही भूल गई है। मिड डे मील ने तो स्कूलों में पढ़ाई की हालत और ज्यादा खराब कर दी है लेकिन इसके विकल्प की भी कोई तलाश नहीं की जा रही है।

सरकारी अस्पतालों की हालत भी कितनी दयनीय हो चुकी है, यह सब जानते हैं। दिल्ली के एम्स जैसे अस्पताल में भी ऑपरेशन की डेट कई-कई साल बाद मिलने की खबरें लगातार आती हैं। एम्स और सफदरजंग जैसे अस्पतालों के इर्द-गिर्द खुल चुके सैकडों प्राइवेट लैब्स यह बताने के लिए काफी है कि इन दोनों सरकारी अस्पतालों में मुफ्त इलाज की आस में आने वाले लोगों को हजारों रुपए खर्च कर बाहर से ही जांच करवाना पड़ता है। सरकारी अस्पताल में पूरी दवाई मिल जाए, इसकी उम्मीद तो अब लोग वर्षों पहले ही छोड़ चुके हैं लेकिन अब उचित जांच और उचित इलाज की उम्मीद भी दम तोड़ती नजर आ रही है। जब दिल्ली के सरकारी अस्पतालों की हालत इतनी खराब है तो आप देश के अन्य राज्यों के सरकारी अस्पतालों की दुर्दशा का अंदाजा बखूबी लगा सकते हैं।

> वास्तविकता तो यह है कि भारत जैसे कल्याणकारी राज्य में मुफ्त शिक्षा और मुफ्त इलाज जैसे बेसिक दायित्वों से लगभग सभी सरकारों ने पल्ला झाड़ लिया है। मुफ्त शिक्षा में कई तरह की शर्तें लगा दी गईं हैं। सरकारी स्कूलों की हालत हर गुजरते दिन के साथ खराब होती जा रही है।

विडंबना देखिए कि, सरकारों ने इस बारे में अब सोचना तक छोड़ दिया है, कार्रवाई के बारे में तो भूल ही जाइए। आंकड़े बताते हैं कि देश में डॉक्टरों की बड़े पैमाने पर कमी है लेकिन एमबीबीएस जैसे बेसिक डॉक्टरी की पढ़ाई पर भी सरकार का फोकस नहीं है , जिससे इस कमी को दूर किया जा सकता है।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, पिछले साल 13 लाख से ज्यादा विद्यार्थियों ने नीट परीक्षा को क्वॉलिफाई किया था लेकिन देश में एमबीबीएस की सीटें एक लाख 8 हजार के लगभग ही है। इसमें से भी सरकारी सीटें सिर्फ 56 हजार के लगभग ही है। प्राइवेट मेडिकल कॉलेजों में एक साल की फीस एक से डेढ़ करोड़ के बीच है यानी एमबीबीएस की चार सालों की पढ़ाई के लिए प्राइवेट कॉलेजों में 4 करोड़ से लेकर 6 करोड़ तक सिर्फ फीस ही देनी होगी। अब इसमें बाकी खर्चों को भी जोड़ लीजिए। सोचिए, इस हालत में भला मिडिल क्लास का कौन सा परिवार अपने बच्चों को डॉक्टर बनाने के बारे में सोच सकता है ?

सरकारों ने लोगों को मुफ्त और उचित इलाज नहीं दे पाने की अपनी नाकामी को छिपाने के लिए बीमा योजनाओं का सहारा लेना शुरू कर दिया है। जिन योजनाओं का फायदा आम लोगों से ज्यादा प्राइवेट अस्पतालों को ही हो रहा है।

फ्री, फ्री और रेवड़ियों के इस दौर में सरकारों ने अपनी प्राथमिक जिम्मेदारियों से पल्ला झाड़ लिया है। यह अपने आप में सबसे बड़ी चिंता का विषय है। लेकिन कभी न कभी तो इस देश के बड़े तबके खासतौर से लाभार्थी वर्ग के लोगों को आगे बढ़कर सरकारों से और राजनीतिक दलों से यह कहना ही होगा कि, ₹आप हमें बेवकूफ बनाना बंद कीजिए। सरकारी स्कूलों एवं कॉलेजों की हालत ठीक कीजिए, सरकारी अस्पतालों की हालत ठीक कीजिए, अध्यापकों और डॉक्टरों की कमी को दूर कीजिए, बिना किसी भेदभाव के सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले सभी बच्चों के लिए मुफ्त शिक्षा और सरकारी अस्पतालों में जाने वाले सभी लोगों के लिए मुफ्त इलाज की व्यवस्था को हर कीमत पर और हर हाल में सुनिश्चित कीजिए। – **संतोष पाठक**

## मदन वर्मा

### गणतंत्र संवरेगा....!

कविता



लोकतंत्र में आशा रख,
गणतंत्र निखरेगा हां–हां,
गणतंत्र के अनोखे अंदाज,
में हर तंत्र में बदलाव आऐगा,
पहले कहां सोया था, अर्धनिद्रा
लीन था फिर भी बदलाव गर्जना
से अपनी तंद्रा भंग कर जागेगा,
इस गणतंत्र का हर मानुष निराला हैं,
भारत का गणतंत्र विविधताओं से
सतरंगी, नवरंगी, बहुरंगी जैसी
सोच, विचारों, कलाओं वाला है,
यहां के बच्चे, जवान, बुढ़े ऊर्जा
से रहते ऊर्जावान, हिम्मत से भरपूर,
मेरा मन सुधरेगा, मेरा गणतंत्र संवरेगा !

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर , दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# नये संकल्पों एवं नये प्रयोगों से समृद्ध होता गणतंत्र

वेलकम इंडिया



गणतंत्र दिवस हमारा राष्ट्रीय पर्व है, इसी दिन 26 जनवरी, 1950 को हमारी संसद ने भारतीय संविधान को पास किया। इस दिन भारत एक संप्रभु, समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष और लोकतांत्रिक गणराज्य बना। इसने ब्रिटिश शासन के भारत सरकार अधिनियम 1935 को पूरी तरह खत्म कर दिया और अपना स्वतंत्र संविधान इसी दिन लागू किया। इस वर्ष 76वें गणतंत्र दिवस समारोह में इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबिआंतो मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। यह उनके राष्ट्रपति पद संभालने के बाद भारत की पहली आधिकारिक यात्रा होगी, जो दोनों देशों के बीच संबंधों को और मजबूत करेगी। इस वर्ष की थीम ह्यस्वर्णिम भारत- विकास के साथ विरासतह्न है। यह थीम देश की विरासत को संभालते हुए भारत की प्रगति की यात्रा को दशार्ती है। किसानों, शिक्षकों, न्यायविदों, मजदूरों, वैज्ञानिकों, उद्योगपतियों, व्यापारियों और इंजीनियरों की विविध भूमिकाओं की सामूहिक शक्ति हमारे देश को ह्यजय जवान, जय किसान, जय विज्ञान, जय अनुसंधानह्न की भावना के अनुरूप आगे बढ़ने में सक्षम बना रही है। इस बार गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के साथ-साथ पूरे भारत से कई ऐसे लोगों को भी आमंत्रित किया जा रहा है जिन्होंने अपने गांव, समाज एवं राष्ट्रमें विकास के क्षेत्र में बेहतरीन कार्य किया है, इस तरह इस बार गणतंत्र दिवस समारोह ऐसे अनेक नये प्रयोगों एवं प्रदर्शनों का साक्षी बन रहा है।

भारतीय संविधान दुनिया का सबसे विशिष्ट संविधान माना जाता है। भारत की संविधान सभा ने दुनिया के सभी संविधानों का अध्ययन किया और हर संविधान के विशिष्ट प्रावधानों को अपने संविधान में शामिल किया। नागरिक स्वतंत्रता के जितने अधिकार भारतीय संविधान में हैं उतने दुनिया के किसी अन्य संविधान में नहीं। भारतीय संविधान की दूसरी विशेषता संविधान की विशालता एवं समग्रता है। भारतीय संविधान में धर्मनिरपेक्षता का प्रावधान तो है लेकिन इसमें प्रत्येक व्यक्ति को अपने धमार्नुसार आचरण करने की पूरी स्वतंत्रता है। इसमें नागरिकों के अधिकार और कर्तव्य की स्पष्ट विवेचना है। इसमें संघात्मकता भी है और एकात्मकता भी है। भारतीय संविधान में सत्ता चयन के लिये संसदीय प्रणाली को सुनिश्चित किया है तथा संचालन के लिये विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका जैसे तीन अंग सुनिश्चित किये। भारतीय संविधान में केंद्र और राज्य सरकार के बीच विषयों और कार्यों का स्पष्ट विभाजन है। केन्द्र सरकार को कुछ आपात अधिकार भी दिये गये हैं जिससे वह केन्द्र राज्य में हस्तक्षेप कर सकता है। इतने अनूठे, विलक्षण एवं समग्र संविधान के बावजूद छिहत्तर वर्षों में हमारा गणतंत्र कितनी ही कंटीली झाड़ियों में फँसा रहा। लेकिन अब इन राष्ट्रीय पर्वों को मनाते हुए संप्रभुता का अहसास होने लगा है। गणतंत्र का जब हम जश्न मनाते हैं, तो उसमें कुछ कर गुजरने की तमन्ना भी जागती है तो अब तक कुछ न कर पाने की बेचैनी भी दिखती है। हमारी जागती आंखो से देखे गये स्वप्नों को आकार देने का विश्वास मुखर होता है तो जीवन मूल्यों को सुरक्षित करने एवं नया भारत निर्मित करने की तीव्र तैयारी सामने आती है। अब होने लगा है हमारी स्व-चेतना, राष्ट्रीयता एवं स्व-पहचान का अहसास। जिसमें आकार लेते वैयक्तिक, सामुदायिक, सामाजिक, सांस्कृतिक, धार्मिक, राष्ट्रीय एवं वैश्विक अर्थ की सुनहरी छटाएं हैं।

राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस हमारी उन सफलताओं की ओर इशारा करता है जो इतनी लंबी अवधि के दौरान अब जी-तोड़ प्रयासों के फलस्वरूप मिलने लगी हैं। यह हमारी विफलताओं पर भी रोशनी डालता है कि हम नाकाम रहे तो आखिर क्यों! क्यों हम राष्ट्रीय एकता और अखण्डता को सुदृढ़ता नहीं दे पाये हैं? क्यों गणतंत्र के सूरज को राजनीतिक अपराधों, घोटालों और भ्रष्टाचार के बादलों ने घेरे रखा है? यह सही है और इसके लिए सर्वप्रथम जिस इच्छा-शक्ति की आवश्यकता है, वह हमारी शासन-व्यवस्था एवं शासन नायकों में सर्वात्मना नजर आनी चाहिए और ऐसा होने लगा है तो यह सुखद अहसास है। बावजूद अभी भी देश की राजनीति अनेक विसंगतियों एवं विडम्बनाओं से घिरी है। यह विडंबना है कि आजादी की हीरक जयंती मना चुके देश में मतदाता को हम इतना जागरूक नहीं बना पाए कि वो अपने विवेक से मतदान कर सके। निस्संदेह, यदि देश में गरीबी और आर्थिक असमानता है तो हमारे नीति-नियंताओं की विफलता ही है। लेकिन हम में कम से कम इतना राष्ट्र प्रेम तो होना चाहिए कि निहित स्वार्थों के लिये हम राष्ट्रीय हितों की बलि न चढ़ाएं। दिल्ली के चुनाव में मुफ्त-मुफ्त का जो खेल विधानसभा चुनाव प्रक्रिया के दौरान चल रहा है, तीनों प्रमुख रजनीतिक दल नित नये राजनीतिक प्रलोभन देकर मतदाताओं को अपने पाले में लाने के प्रयास में जुटे हैं।

एक संकल्प लाखों संकल्पों का उजाला बांट सकता है यदि दृढ़-संकल्प लेने का साहसिक प्रयत्न कोई शुरू करे। अंधेरों, अवरोधों एवं अक्षमताओं से संघर्ष करने की एक सार्थक मुहिम हमारे प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में वर्ष 2014 में शुरू हुई थी। उनके तीसरे प्रधानमंत्री के कार्यकाल में सुखद एवं उपलब्धिभरी प्रतिध्वनियां सुनाई दे रही है, कुछ समय पूर्व हमने मयार्दा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम के मन्दिर के शिलान्यास का दृश्य देखा। काशी में विश्वनाथ धाम का जो विकास हुआ है, उसे देखा। इनदिनों प्रयागराज में महाकुंभ का दुनिया का सबसे बड़ा धार्मिक अनुष्ठान होते हुए हम देख रहे हैं। मोदी ने अपने अब तक के कार्यकाल में जता दिया है कि राजनीतिक इच्छाशक्ति वाली सरकार अपने फैसलों से कैसे देश की दशा-दिशा बदल सकती है। कैसे देश को दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर किया जा सकता है। कैसे राष्ट्र की सीमाओं को सुरक्षित रखते हुए पडौसी देशों को चेता सकती है, कैसे दुनिया की महाशक्तियों के बीच भी अडिग खड़ी रह सकती है? कैसे स्व-संस्कृति एवं मूल्यों को बल दिया जा सकता है। गणतंत्र दिवस समारोह मनाते हुए भारत में धर्मस्थलों और तीर्थों के विकास की किसी भी पहल की भी प्रशंसा होनी ही चाहिए। महाकुंभ की एक चमत्कारपूर्ण एवं विलक्षण आभा सामने आयी है, जो हमे गर्वित कर रही है।



ललित गर्ग

भारत के गणतंत्र में और भी चार-चांद लग रहे हैं, जैसे प्रयागराज हो, काशी हो या अयोध्या या ऐसे ही धार्मिक एवं सांस्कृतिक क्रांति के परिदृश्य- ये अजूबे एवं चौंकाने वाले लगते हैं। इन परिदृश्यों को केवल चुनावी नफा-नुकसान के नजरिये से नहीं देखना चाहिए, बल्कि एक सशक्त होते राष्ट्र के नजरिये से देखा जाना चाहिए। सदियों की गुलामी के चलते भारत को जिस हीनभावना से भर दिया गया था, आज का भारत उससे बाहर निकल रहा है। यह स्थिति इस वर्ष का गणतंत्र दिवस समारोह मनाते हुए विशेष रूप से गौरवान्वित करेंगी। वाकई यहां अब कोई संदेह शेष नहीं है कि मोदी सरकार देश व समाज को बदल रही है, लोगों का जीवनस्तर उन्नत कर रही है।

धार्मिक स्थलों को भव्य रूप ही नहीं दिया जा रहा है बल्कि उनसे देश की अर्थव्यवस्था को भी मजबूत बनाया जा रहा है। इतना ही नहीं, सीमाओं की सुरक्षा भी बेखूबी हो रही है, समुंदर में हजारों किलोमीटर ऑप्टिकल फाइबर भी बिछाया जा रहा है, हर जिले में मेडिकल कॉलेज भी बनाये जा रहे हैं, उन्नत सड़कों का जाल बिछ रहा है, गरीबों को पक्के मकान भी बनाकर दिये जा रहे हैं, रोजगार, पर्यावरण-सुरक्षा, चिकित्सा, शिक्षा की अनूठी व्यवस्थाएं भी हो रही है। मतलब वर्तमान शासन-नायकों को विरासत और विकास की समन्वित चिंता है। हिंदुत्व की चिंता है, तो विकास की भी पूरी फिक्र है। अब सुधार, सुशासन, स्व-संस्कृति, स्व-पहचान के दीपक जल उठे हैं, तो उसकी रोशनी तमाम देशवासियों को नया विश्वास, नया आश्वास, नया विकास एवं सुखद जीवनशैली दे रही है।

भारत के संवैधानिक एवं संप्रभुता सम्पन्न राष्ट्र बनने की 76वीं वर्षगांठ मनाते हुए हम अब वास्तविक भारतीयता का स्वाद चखने लगे हैं, आतंकवाद, नक्सलवाद, जातिवाद, क्षेत्रीयवाद, अलगाववाद की कालिमा धूल रही है, धर्म, भाषा, वर्ग, वर्ण और दलीय स्वार्थों के राजनीतिक विवादों पर भी नियंत्रण हो रहा है। इन नवनिर्माण के पदचिन्हों को स्थापित करते हुए हम प्रधानमंत्री के मुख से नये भारत-सशक्त भारत-विकसित भारत को आकार लेने के संकल्पों की बात सुनते हैं। गणतंत्र दिवस का उत्सव मनाते हुए यही कामना है कि पुरुषार्थ के हाथों भाग्य बदलने का गहरा आत्मविश्वास सुरक्षा पाये। एक के लिए सब, सबके लिए एक की विकास गंगा प्रवहमान हो।

## सड़क सुरक्षा माह-2025 :

# ट्रैफिक नियमों के प्रति आम जनमानस को जागरूक को हरी झण्डी दिखाकर प्रचार वाहन, बाइक रैली निकाली

वेलकम इंडिया




**हाथरस।** पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा द्वारा ₹सड़क सुरक्षा माह-2025₹ के तहत जनपद हाथरस के शहर क्षेत्र में यातायात संबंधी नियमों के प्रति आम जनमानस को जागरूक करने के उद्देश्य से लखनऊ से आये प्रचार वाहन, मोटर साईकिल सर्विस सेण्टर-कम्पनी के कर्मचारियों द्वारा निकाली गई बाइक रैली, एनसीसी कैडेट द्वारा निकाली गई रैली को पुलिस कार्यालय से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक हाथरस अशोक कुमार, एआरटीओ लक्ष्मण प्रसाद मय टीम व निरीक्षक सुभाष यादव प्रभारी यातायात हाथरस मय टीम व रैली में शामिल मोटर साइकिल सर्विस सेण्टर-कम्पनी के कर्मचारी, एनसीसी कैडेट, परिवहन विभाग के कर्मचारी आदि शामिल रहें। पुलिस अधीक्षक द्वारा बताया गया कि छोटी-छोटी असावधानियों जैसे- वाहन चलाते समय हेलमेट-सीट बेल्ट ना लगाने, शराब पीकर वाहन चलाने, वाहन को निर्धारित गति से अधिक गति में चलाने तथा वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग करने आदि से बडी-बडी घटनाएं हो जाती है। जिसके दृष्टिगत सडक सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए यातायात रैली निकाली गई है। उक्त यातायात जन जागरूकता बाइक रैली पुलिस लाइन हाथरस से प्रारंभ होकर कॉटन मिल, सासनी गेट चौराहा, तालाब चौराहा, कोतवाली नगर ओबर ब्रिज, बांसमंडी, से होते हुए बस स्टैण्ड पर समाप्त हुई। पालन के संबंध में बाइक रैली के दौरान आम जनमानस से अपील में बताया गया कि दो पहिया वाहन चलाते समय कभी भी तीन सवारी न बैठाये, दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट अवश्य पहने, चार पहिया वाहन चलाते समय चालक तथा अगली सीट पर बैठने वाला व्यक्ति सीट बेल्ट अवश्य लगाये, बिना नम्बर के वाहन न चलाये, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन से बात न करें, निर्धारित गति से अधिक गति से वाहन न चलाये, शराब पीकर वाहन कभी न चलाये। यातायात नियमों का पालन करके अपने आपको एवं अपनो को सुरक्षित रखे।

## पुलिस ने नाबालिग से दुष्कर्म करने के मामले में वाँछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**संतकबीरनगर।** जनपद में मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत महिलाओं पर अपराधों के रोकथाम हेतु पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता द्वारा चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह के मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी मेंहदावल केशवनाथ के निकट पर्यवेक्षण में थाना बखिरा उ0नि0 सुरेन्द्र कुमार सिंह, हे0का0 आदित्य यादव, हे0का0 मनोज सिंह ने मु0अ0सं0 14/2025 धारा 137(2), 87, 64(1) बीएनएस व 5छ/6 पाक्सो एक्ट थाना बखिरा जनपद संतकबीरनगर के मामले में वांछित अभियुक्त नाम पता रामअजोरे पुत्र जित्तू उर्फ जितई निवासी ग्राम परतिया को नंदौर चौराहे के पास से गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। विदित हो कि वादिनी द्वारा दिनांक 16.01.2024 को थाना बखिरा पर वादिनी की नाबालिग पुत्री के दिनाँक 11.01.2024 को घर से बहला-फुसला कर भगा ले जाने के सम्बन्ध में प्रार्थना पत्र देकर अभियोग पंजीकृत कराया गया था।

# रोडवेज बस की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत, एक घायल

वेलकम इंडिया





**कांधला।** थाना क्षेत्र के कस्बा एलम गैस एजेंसी के निकट रोडवेज बस ने बाइक सवार दो लोगों को अपनी चपेट में ले लिया रोडवेज बस की टक्कर से बाइक पर सवार एक युवक की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। बस चालक बस छोड़ कर मौके से फरार हो गया, पुलिस ने राहगीरों की मदद से घायल को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद मेरठ मेडिकल के लिए रेफर कर दिया है। युवक की मौत से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। थाना क्षेत्र के गांव कनियान निवासी शिवम पुत्र उपेंद्र अपने साथी 25 वर्षीय उज्जवल निवासी ग्राम टिकरी जनपद बागपत के साथ मोटरसाइकिल पर सवार होकर बृहस्पतिवार की देर शाम ग्राम टिकरी से अपने गांव आ रहा था। मोटरसाइकिल सवार जैसे ही थाना क्षेत्र के कस्बा एलम गैस एजेंसी के निकट पहुंचा तो शामली की ओर से जा रही एक रोडवेज बस चालक ने लापरवाही से चलाते हुए मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी। मोटरसाइकिल पर सवार युवक उज्जवल की रोडवेज बस की टक्कर लगने से मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई जबकि साथी शिवम गंभीर रूप से घायल हो गया। रोडवेज बस का चालक रोडवेज बस को छोड़कर मौके से फरार हो गया मौके पर दर्जनों लोगों की भीड़ जमा हो गई। राहगीरों ने हादसे की जानकारी पुलिस को दी घटनास्थल पर पुलिस भी पहुंच गई पुलिस ने डायल 108 एंबुलेंस कर्मचारियों की मदद से घायल को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर अवस्था में मेरठ मेडिकल के लिए रेफर कर दिया है। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और बस को कब्जे में लेकर बस चालक की तलाश शुरू कर दी है। युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। मृतक युवक के परिजनों ने थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

## 25 लाख रुपए हड़पने के उद्देश्य से प्रोपर्टी डीलर बलवीर की हत्या करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार



**हापुड़।** जनपद के थाना कपूरपुर तथा जनपद की स्वाट टीम ने बलबीर हत्याकांड का खुलासा करते हुए दो हत्यारोपियों को गिरफ्तार किया है जिनके कब्जे से पुलिस ने मृतक का मोबाइल फोन, घटना में इस्तेमाल एक सफेद गमछा, एक अन्य मोबाइल फोन बरामद किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों ने योजनबद्ध तरीके से 25 लाख रुपए हड़पने के उद्देश्य से बलवीर की हत्या की वारदात को अंजाम दिया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों के नाम रोहतास पुत्र हरि सिंह निवासी गांव पारपा थाना कपूरपुर जनपद हापुड़ तथा साजिद पुत्र साकिर निवासी गांव मिट्ठेपुर थाना गुलावठी जनपद हापुड़ है।हापुड़ में विनीत भटनागर ने आयोजित प्रेस वार्ता में पत्रकारों को बताया रोहताश ने बलवीर से 25 लाख रुपए उधार लिए थे। बलबीर बार-बार रुपयों का तगादा कर रहा था। इसलिए रोहताश ने अपने सगे भाई सोनू और अन्य साथियों के साथ मिलकर बलवीर की हत्या की साजिश रची और बालवीर का अपहरण कर उसी के गमछे से गला घोट कर उसकी हत्या कर दी। हत्या के पश्चात बलवीर के शव को थाना धौलाना क्षेत्र में बम्बे के पास फेंक दिया।

## मकान निर्माण में भाई पर लगाया अवरुद्ध पैदा करने का आरोप

**कांधला।** कस्बे के सलेमपुर रोड निवासी व्यक्ति ने अपने भाई पर मकान निर्माण में अवरोध पैदा करने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने एसडीएम को शिकायत कर मकान निर्माण कराए जाने की मांग की है। पीड़ित ने चेतावनी दी है कि अगर पीड़ित का मकान निर्माण नहीं हुआ तो पीड़ित पलायन या आत्महत्या कर लेगा। कस्बे के सलेमपुर रोड निवासी इस्लाम पुत्र निजामुद्दीन ने शुक्रवार को एसडीएम कैराना स्वप्निल यादव को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि पीड़ित का कई दिन पूर्व मकान गिर गया था। जिसके चलते पीड़ित अपने मकान का निर्माण कर रहा है। आरोप है कि पीड़ित का भाई अब्दुल हकीम पीड़ित के खिलाफ थाने पर झूठा प्रार्थना पत्र देकर निर्माण कार्य में अवरोध पैदा कर रहा है। काफी ठंड होने के कारण पीड़ित के बच्चे बीमार हो गए हैं।पीड़ित के पास रहने के लिए अन्य कोई मकान नहीं है। पीड़ित का आरोप है कि पीड़ित ने थाने पर शिकायती पत्र दिया था, लेकिन पुलिस के द्वारा मामले में कोई कार्रवाई नहीं की गई। पीड़ित ने एसडीएम कैराना स्वप्निल यादव को शिकायत करते हुए मकान निर्माण कराए जाने की मांग की है। पीड़ित ने चेतावनी दी है कि अगर पीड़ित का मकान निर्माण नहीं हुआ तो पीड़ित के पास पलायन या आत्महत्या के अलावा कोई रास्ता नहीं है। मामले में एसडीएम कैराना स्वप्निल यादव ने स्थानीय पुलिस को जांच कर कार्रवाई करने के आदेश दिए हैं।

## बैंक कर्मचारियों ने कराया सरकारी विद्यालय का सौंदर्य करण



**कांधला।** क्षेत्र के गांव पंजोखरा स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय में उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक संस्था परिणाम फाउंडेशन द्वारा स्कूल रेनोवेशन कार्य पूरा होने पर विद्यालय परिसर में समारोह का आयोजन किया गया। उच्च प्राथमिक विद्यालय पंजोखरा में रेनोवेशन कार्य पूर्ण होने के बाद समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि बीईओ अमित कुमार, डॉक्टर सविता डबराल और राहुल कुमार ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती की तस्वीर के सामने दीप प्रज्वलित कर किया। उज्जीवन बैंक द्वारा रेनोवेशन कार्य के अंतर्गत क्षतिग्रस्त फर्श का टाईलीकरण, पेंट, किचन में पत्थर, स्लैप, बाथरूम, शौचालय मरमत, आरओ आदि कार्य कराया गया। स्कूल स्टाफ द्वारा खिड़कियों के पुराने दरवाजे को बदलवाकर नई खिड़की दरवाजे लगवाए गए और सौंदर्यकरण कराया गया। इस दौरान राहुल कुमार, अजय पंवार, अमित कुमार, पंकज कुमार, संदीप कुमार, विक्रम सिंह, मोहित शर्मा, पंकज कुमार आदि मौजूद रहे।

# हाथरस में माँ और पिता की हालत गंभीर तथा दो मासूम बेटियों के हत्यारों से 24 घंटे में पुलिस मुठभेड़, दोनों के पैर में लगी गोली

वेलकम इंडिया







**हाथरस।** शहर के आगरा रोड स्थित आशीर्वाद धाम कॉलोनी में दो मासूम बेटियों की गला रेत कर हत्या और माँ-पिता की हालत गंभीर करने वालों से पुलिस की लगभग 24 घंटे में मुठभेड़ हो गई। पुलिस की इन दोनों आरोपियों के पैर में गोली लगी है। पुलिस ने दोनों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। इस दर्दनाक हत्याकांड के बाद ही पुलिस ने अपनी कार्रवाई शुरू कर दी थी। घटना बहुत दर्दनाक थी। दिल को दहला देने वाली घटना यह रही की दो नाबालिक मासूम बहनों को इन हत्यारों ने गला रेत कर मार डाला। जो सृष्टि 13 साल और बिधि 7 साल की बच्ची थी। कातिलाना हमलावर रिश्ते में भतीजा था, वह अपने साथी के साथी को अपने शिक्षक चाचा छोटे लाल के घर आया था, शिक्षक पैरालिसिस की बीमारी से ग्रस्त थे। यही कारण था कि वह उन्हें बीमारी के माध्यम से देखने के लिए आया था। बताया जाता है कि यहां पर खाना पीना खाकर सभी लोग सो गए थे। और उन्होंने आधी रात को दोनों बेटी और अपने चाचा-चाची पर जानलेवा हमला किया जिसमें दोनों बहनों की मौके पर ही मौत हो गई। और चाचा चाची की हालत गंभीर और नाजुक बनी हुई है। जिनका एक अस्पताल में उपचार चल रहा है। घटना देकर दोनों आरोपी वंहा से भाग गए। जिला फतेहपुर के रहने वाले छोटेलाल गौतम हाल निवासी आशीर्वाद धाम कॉलोनी आगरा रोड गिजरौली ने मीतई स्थित जवाहर स्मारक इंटर कालेज में वर्ष 2003 में प्रवक्ता के पद पर नौकरी प्राप्त की। वर्ष 2018 में छोटेलाल पैरालिसिस हो गया। बताया जा रहा है कि शिक्षक छोटेलाल की संपत्ति को हड़पने के लिए उसके चचेरे भतीजे विकास और उसके दोस्त लालूपाल को पूरे परिवार को जान से मारने के लिए 2 लाख रुपए की सुपारी दी गई थी। पुलिस ने इस दोहरे हत्याकांड को अंजाम देने वाले दोनों आरोपियों से घटना में प्रयुक्त चाकू के अलावा दो तमंचे, कारतूस और खून से सने कपड़े भी बरामद कर लिए हैं।

वहीं आरोपियों से पुलिस पूछताछ में सामने आया कि इस घटना का मास्टरमाइंड सोनेलाल पुत्र बाबूराम निवासी किशनपुर कपलिया थाना जहानाबाद जिला फतेहपुर है। वह शिक्षक छोटेलाल गौतम के सगे भाई बाबूलाल का बेटा है। शिक्षक छोटे लाल गौतम की संपति और जमीन उनके गांव में भी है। सोनेलाल ने अपने रिश्ते के भाई विकास को शिक्षक छोटेलाल गौतम के परिवार की हत्या करने के लिए 2 लाख रुपए की सुपारी दी थी। परिवार के खात्मे के लिए 20 हजार रुपए का एडवांस भी दिया। रिश्ते के भतीजे ने सुपारी लेकर शिक्षक छोटेलाल गौतम और उनकी पत्नी वीरांगना समेत, श्रृष्टि और विधि का चाकू से गला रेता था। इस हत्याकांड में दोनों सगी बहनों की मौके पर ही मौत हो गई थी। शिक्षक और उनकी पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए थे। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने दो बहनों के शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया था, वहीं शिक्षक छोटेलाल गौतम और उनकी पत्नी वीरांगना को उपचार के लिए अलीगढ़ भिजवा दिया था।घटनाक्रम की जानकारी मिलने के बाद अलीगढ़ रेज के डीआईजी प्रभाकर सिंह भी कल घटनास्थल पर पहुंचे थे। एसपी चिरंजीव नाथ सिन्हा ने फोरेंसिक टीम और डॉग स्क्वॉयड को बुलाया था। साथ ही आरोपियों की गिरफ्तारी को तीन टीमें लगाई थीं। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए मोबाइल फोन की लोकेशन ट्रेस कर दोनों आरोपियों को महज 24 घंटे में मुठभेड़ कर गिरफ्तार करते हुए घटना का खुलासा किया। डीआईजी-एसएसपी ने मामले में पुलिस की चार टीमों को लगाया था। मौके से सर्विलांस के जरिये जब जांच शुरू हुई तो पाया कि विकास रात में यहां था। उसकी लोकेशन शहर में ही मिली। साथ में वह वीरांगना का मोबाइल ले गया तो उसकी लोकेशन पर भी काम किया। पुलिस की टीमों को पीछे लगाया। साथ में फतेहपुर भी एक टीम भेजी गई। जहां से परिवार की संपत्ति आदि पर जानकारी जुटाई गई। वीरांगना के मायके वालों से भी पारिवारिक संबंधों पर बात हुई। इसी आधार पर देर रात कुछ इस तरह के सुराग मिल रहे थे कि चूंकि छोटेलाल बीमार हैं और उनके कोई बेटा भी नहीं है। बस इसी वजह से पैतृक संपत्ति पर नीयत की खातिर इस परिवार के खात्मे की साजिश बनी है।

# चीते की दहशत से डरे हुए ग्रामवासी

वेलकम इंडिया

**झांसी।** रक्सा थाना क्षेत्र के राजापुर गांव में सुबह खेत की सिंचाई कर रही एक महिला को चीते जैसा जानवर दिखाई दिया जिससे वह डर गई राजापुर गांव के रहने वाली दीपा अहिरवार पत्नी नरेंद्र सुबह 9:00 बजे अपने खेत पर गेहूं की फसल की सिंचाई के लिए गई थी तभी उसे खेत पर बने हुए के पास एक जानवर दिखाई दिया जिसकी लंबाई 3 से 4 फीट थी और अजीब प्रकार का था जब महिला पास में पहुंची तो उसकी और चीते जैसा जानवर झपटा डर कर महिला चिल्लाने लगी पास ही काम कर रहे पास ही खेतों में काम कर रहे अन्य किस भी लाठी डंडा लेकर मौके पर आ गए जिन्हें देखकर जानवर भाग गया ग्राम प्रधान गोविंद सिंह भी मौके पर पहुंच गए और सूचना 112 पुलिस और वन विभाग की टीम को दी गई पुलिस ने और वन विभाग के दरोगा महेश यादव नहीं मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल की तो खेतों में बड़े-बड़े पंजे दिखाई दिए जो संभवत लकड़बग्घे के लगे वही बंदरों का दौरा बताया गया कि यह जानवर अकेले आदमी के लिए खतरनाक होता है और किसान इससे सचेत रहे वही किसान भी चीते की दहशत से डरे हुए हैं और लाठी डंडे लेकर ही खेतों पर जा रहे हैं।

## पत्नी को बहला फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप

**कांधला।** जनपद मुजफ्फरनगर के कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला न्याजीपुरा निवासी एक व्यक्ति ने क्षेत्र के एक व्यक्ति पर पीड़ित की पत्नी को बहला फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जनपद मुजफ्फरनगर के कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला न्याजीपुरा निवासी फुरकान पुत्र मेहंदी हसन ने शुक्रवार को थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि तीन माह पूर्व क्षेत्र के गांव हुरमजपुर निवासी सोहना पुत्र वहीद पीड़ित की पत्नी गुलिस्ता को बहला फुसलाकर भगा ले गया था। पीड़ित ने थाने पर तहरीर देकर पत्नी की बरामद की की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। दूसरी और गांव मलकपुर निवासी एक व्यक्ति ने थाने पर तहरीर देकर बताया कि गांव का ही युवक सावेज उसकी 14 वर्षीय पुत्री को बहला-फुसलाकर कर अपने साथ भगाकर ले गया।

# हाई टेंशन लाइन का तार टूटने से ग्रामीण की भैंस की मौत

वेलकम इंडिया



**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव गंगेरू में हाई टेंशन लाइन का तार टूटकर ग्रामीण की भैंस पर गिर गया। जिसके चलते भैंस की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। ग्रामीणों ने विद्युत विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया। पीड़ित ने प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ को पत्र भेज कर आर्थिक मदद की गुहार लगाई है।

थाना क्षेत्र के गांव गंगेरू निवासी ग्रामीण शब्बीर के मकान के बराबर से हाई टेंशन लाइन गुजर रही है। शुक्रवार को विद्युत आपूर्ति चालू होने के बाद हाई टेंशन लाइन का तार टूटकर पालतू भैंस के ऊपर गिर गया। हाई टेंशन लाइन का तार टूट कर गिरने से पालतू भैंस की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। ग्रामीणों ने विद्युत विभाग को विद्युत आपूर्ति बंद करने के लिए सूचना दी। आरोप है कि विद्युत विभाग के द्वारा आधे घंटे के बाद विद्युत आपूर्ति को बंद किया गया। ग्रामीणों ने विद्युती विभाग के खिलाफ जमकर हंगामा किया। ग्रामीणों का आरोप है कि अगर विद्युत विभाग के कर्मचारी समय रहते हुए आपूर्ति को बंद कर देते तो पालतू भैंस की जान बच सकती थी। पीड़ित शब्बीर ने प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ को पत्र भेज कर आर्थिक मदद की गुहार लगाई है।

# अजय प्रताप सिंह अध्यक्ष व दिनेश यादव मंत्री निर्वाचित

वेलकम इंडिया

**बस्ती/ संतकबीरनगर।** शिवहर्ष उपाध्यक्ष किसान इंटर कॉलेज के सभागार में उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला कार्यकारिणी का चुनाव संपन्न हुआ। निर्विरोध चुनाव में अजय प्रताप सिंह जिलाध्यक्ष, दिनेश कुमार यादव जिलामंत्री व शिवशंकर कोषाध्यक्ष निर्वाचित हुए। निर्वाचन प्रक्रिया प्रदेश मंत्री संजय द्विवेदी की देखरेख में सम्पन्न हुआ।

निर्वाचन प्रक्रिया संपन्न होने के उपरांत श्री द्विवेदी ने बताया कि जय प्रकाश मिश्र जिला संयोजक, फागू लाल गुप्ता, डॉ बेचन यादव, विजय कुमार, बलराम रोहिदास, अमरेश कुमार सिंह, अजय शुक्ल, आदित्य प्रताप सिंह को जिला उपाध्यक्ष के पद पर निर्वाचित किया गया है।संयुक्त मंत्री के पद पर रवीश पांडेय, हनुमान प्रसाद को निर्वाचित किया गया है, शेष पदों पर बाद में मनोनयन किया जायेगा।

नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष अजय प्रताप सिंह ने कहा के शिक्षक स्वाभिमान की हर हाल में रक्षा की जाएगी। शिक्षक समस्याओं का संग्रह करके त्वरित निस्तारण का प्रयास किया जाएगा।

इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री अनिरुद्ध त्रिपाठी, प्रदेश उपाध्यक्ष मार्कण्डेय सिंह, प्रदेश मंत्री संजय द्विवेदी, पूर्व मंडल अध्यक्ष राम पूजन सिंह, मंडल मंत्री अरुण कुमार मिश्रा, जितेंद्र कुमार शाही, मनोज कुमार सिंह, यशवर्धन शुक्ला, रमेश गुप्ता, अरविन्द सिंह, इंद्र बहादुर, अरुण कुमार तिवारी सहित सैकड़ो लोग मौजूद रहे।



# मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में कैबिनेट बैठक में लिए गए जनहितैषी फैसले : अशोक सैनी

वेलकम इंडिया



**हरियाणा/हिसार।** भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक सैनी ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में लिए गए फैसलों को जनहितैषी बताते हुए उनका स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने बैठक में हर वर्ग के हितकारी फैसले लेकर सराहनीय कार्य किया है।

अशोक सैनी ने बैठक में लिए गए फैसलों का जिक्र करते हुए कहा कि कॉन्फेड, हरियाणा मिनरल्स लिमिटेड (एचएमएल) तथा हथकरघा एवं निर्यात निगम के ऐसे पूर्व कर्मचारी, जो वृद्धावस्था पेंशन सहित अपने अपने निगमों से भी पेंशन ले रहे थे, उन्हें राहत दी गई है। ऐसे कर्मचारियों द्वारा प्राप्त की गयी एक साल की 1.46 करोड़ रुपये की राशि को पूरी तरह माफ करने का फैसला लिया गया है। फैसले के तहत अब इन कर्मचारियों को एचएसएमआईटीसी के पूर्व कर्मचारियों की तरह ही एक निश्चित मानदेय दिया जाएगा। कर्मचारी वर्गीकरण के आधार पर यह मानदेय 6 हजार रुपये से लेकर 20 हजार रुपये प्रतिमाह होगा। उन्होंने कहा कि बैठक में एक अन्य फैसला लेते हुए कैबिनेट ने हरियाणा दिव्यांग पेंशन नियम, 2016 में संशोधन को मंजूरी प्रदान दी है। संशोधन के अनुसार अब हरियाणा में 10 और श्रेणियों के दिव्यांगजनों को मासिक पेंशन का लाभ दिया जाएगा और इससे 32 हजार दिव्यांगजन लाभांवित होंगे। अशोक सैनी ने कहा कि कैबिनेट ने हरियाणा बाबा श्री खाटू श्याम चुलकाना धाम (पानीपत) पूजास्थल बोर्ड बनाने को मंजूरी देते हुए इसके विधेयक, 2025 के मसौदे को भी मंजूरी दी है। यह श्रद्धालुओं के हित में बड़ा फैसला है। उन्होंने कहा कि कैबिनेट ने जीएसटी से पहले के 7 अधिनियमों के तहत बकाया कर राशि का निपटान करने के लिए हरियाणा एकमुश्त निपटान योजना-2025 को मंजूरी दी है। इसके तहत किसी एक अधिनियम में 10 लाख रुपये तक की बकाया राशि वाले करदाताओं को एक लाख रुपये तक की छूट दी जाएगी और शेष मूल कर राशि में से भी 60 प्रतिशत की छूट दी जाएगी।

उन्होंने बताया कि फैसले के तहत 10 लाख से अधिक व 10 करोड रुपए तक की बकाया राशि वाले करदाताओं को भी कर राशि में 50 प्रतिशत की छूट मिलेगी। इस योजना का लाभ लेने वाले सभी करदाताओं का ब्याज व जुमार्ना राशि पूरी तरह से माफ कर दी जाएगी जो बड़ा फैसला है और इस योजना के तहत लगभग दो लाख से अधिक करदाता फायदा उठा सकेंगे। उन्होंने कहा कि वर्ल्ड बैंक के सहयोग से हरियाणा को वर्ष 2030 तक दूषण मुक्त प्रदेश बनाने का निर्णय लिया गया है, जो पूरी जनता के हित में बड़ा फैसला है। इसके लिए हरियाणा को प्रदूषण मुक्त करने के लिए हरियाणा क्लीन ऐयर प्रोजेक्ट की डीपीआर को मंजूरी दी गई है और इस योजना के तहत वर्ष 2030 तक हरियाणा को प्रदूषण मुक्त राज्य बनाने का लक्ष्य रखा गया है। लगभग 3647 करोड़ रुपये के कुल परियोजना निवेश के साथ, वर्ल्ड बैंक के सहयोग से परियोजना का कार्यान्वयन किया जाएगा। जिला मीडिया प्रभारी राजेन्द्र सपड़ा व अन्य पदाधिकारियों ने भी कैबिनेट के फैसलों का स्वागत किया है। उन्होंने इस बात पर भी खुशी जताई कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में खुशहाल व विकसित हरियाणा की झांकी चौथी बार 26 जनवरी को कर्तव्य पथ पर प्रदर्शित की जाएगी। सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग द्वारा तैयार झांकी का थीम ह्यस्मृद्ध हरियाणाः विरासत और विकासह्ल है। भगवान श्री कृष्ण के गीता के ज्ञान से लेकर आधुनिकता के साथ बढ़ता हरियाणा और हमारे खिलाड़ियों के साथ झांकी गणतंत्र दिवस के मौके पर चलेगी।

## पुलिस ने गुमशुदा युवक को सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द किया



**हापुड़।** पिलखुवा कोतवाली पुलिस ने ऑपरेशन स्माइल अभियान के अन्तर्गत गुमशुदा युवक को अथक प्रयास के बाद सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द किया।आपको बता दें कि एक सप्ताह पूर्व पिलखवा कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले मौहल्ला धोबी चौक निवासी युवक अभिषेक कहीं चला गया था। जिसको परिजनों के द्वारा काफी तलाश करने पर भी कुछ पता नहीं चल सका। जिसकी पीड़ित परिजनों के द्वारा कोतवाली में गुमशुदगी दर्ज कराने को लेकर तहरीर दी गई। ऑपरेशन स्माइल अभियान के अन्तर्गत थाना पिलखुवा पुलिस द्वारा गुमशुदा युवक को अधक प्रयास के बाद कस्बा पिलखुवा से सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द किया गया। वहीं पीड़ित परिजनों के द्वारा हापुड पुलिस का आभार व्यक्त किया है।

# वॉयरल गर्ल मोनालिसा को मिला फिल्म का ऑफर डायरेक्टर सनोज मिश्रा ने परिवार से की मुलाकात

वेलकम इंडिया



**प्रयागराज।** महाकुंभ प्रयाग में रुद्राक्ष की माला बेचने वाली लड़की मोनालिसा अपनी खूबसूरत आंखों को लेकर इस समय सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। लाखों की संख्या में लोग उसकी वीडियो देख रहें है। वहीं मेला में लोग उसके साथ एक सेल्फी लेने के लिए भीड़ लगाएं है यहां तक कि उसको अब माला बेचने में भी मास्क लगाकर चलना पड़ रहा हैं।

मोनालिसा की किस्मत ने ऐसी बाजी मारी कि माला बेचने वाली लड़की को देश के चर्चित फिल्म डायरेक्टर सनोज मिश्रा ने अपने नए प्रोजेक्ट फिल्म द डायरी ऑफ मणिपुर के लिए लीड रोल करने का ऑफर दे दिया।

शुक्रवार को मुंबई से सनोज मिश्रा कुंभ पहुंच गए जहां संगम में स्नान करने के बाद सीधा मोनालिसा की खोज में निकल पड़े जहां मोनालिसा के परिवार से मिलकर सनोज मिश्रा ने फिल्म में काम करने का ऑफर दिया,

सनोज मिश्रा ने मीडिया से बात करते हुए कहा देश बदल रहा है देश में सनातन का झंडा आसमान की बुलंदियों पर है मै उन डायरेक्टरों में से नहीं हूं जो विदेशों से पोर्न स्टार को लाकर फिल्मों के माध्यम से भारतीय संस्कृति को बदनाम करते हुए अश्लीलता परोसे, मैंने मोनालिसा की सभ्यता में भारतीय संस्कार देखे है जो आज की महिलाओं के लिए एक प्रेरणा है, कि जिस तरह आज रील और चर्चित होने के लिए कपड़े उतार कर नग्न प्रदर्शन किए जाते है वहीं यह लड़की अपनी सादगी से देश में चर्चित हो गई, बंजारा समाज की इस लड़की को लोग असभ्य भाषा का भी प्रयोग कर रहें है लेकिन इतनी सादगी से मासूमियत से अपनी बात रखती है। मैंने उसे अपनी आने वाली फिल्म द डायरी ऑफ मणिपुर में मुख्य अभिनय करने का ऑफर दिया है । मेरी टीम द्वारा मोनालिसा को एक्टिंग के साथ अन्य स्किल्स के लिए प्रशिक्षण दिया जाएगा उसके बाद फिल्म में अभिनय के लिए तैयार किया जाएगा।

सनोज ने कहा परिवार के लोग खुश है वह विचार कर जल्दी ही निर्णय लेंगे सनोज कुंभ मेले में कई विभिन्न स्थानों को अपने कैमरे में कैद करते हुए जगतगुरू योगेश्वराचार्य के पंडाल में जा कर आशीर्वाद लिया और कुंभ की व्यवस्था देख मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तारीफ की।

## उत्तर प्रदेश में विद्युत विभाग के प्रस्ताव टाइम ऑफ द डे टैरिफ का फेडरेशन ऑल इंडिया व्यापार मंडल करेगा विरोध/संजय अग्रवाल राष्ट्रीय सचिव



**हापुड़।** उत्तर प्रदेश में बिजली की कीमत अपग्रेड करने के लिए सरकार द्वारा अप्रैल २०२५ से उत्तर प्रदेश में प्रस्तावित यानी कि टाइम ऑफ द डे टैरिफ से बिजली बिलों में बेतहाशा वृद्धि होगी। घरेलू विद्युत बिल बीस से पच्चीस प्रतिशत तक बढ़ सकता है। मध्यम वर्ग और लोवर मिडिल क्लास व्यक्ति इससे सबसे ज्यादा प्रभावित होगा। सरकार के इस प्रस्ताव का फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया व्यापार मंडल पुरजोर विरोध करेगा। फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया व्यापार मंडल के राष्ट्रीय सचिव संजय अग्रवाल ने कहा कि विद्युत बिल अपग्रेड करने की इस योजना से महंगाई से जूझ रहे। उत्तर प्रदेश के लोगो की दिक्कत और बढ़ जाएंगी। सबसे ज्यादा असर मिडिल क्लास और लोवर मिडिल क्लास पर पड़ेगा। उत्तर प्रदेश के हर जिले में फेडरेशन इस प्रस्ताव का विरोध करेगा।

## मैजिक इंडिया बस फाउंडेशन के तत्वाधान में आयोजित हुआ बालिका दिवस




**काकोरी, लखनऊ।** थावर में मैजिक इंडिया बस फाउंडेशन के तत्वाधान में बालिका दिवस के शुभ अवसर पर कार्यक्रम आयोजित। आपको बता दें कि शुक्रवार को थावर गांव में स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर परिसर में मैजिक इंडिया बस फाउंडेशन के द्वारा बालिका दिवस पर कार्यक्रम हुआ।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि थावर टाइम्स न्यूज चैनल के एम डी-विकास सैनी रहें।विकास सैनी ने संबोधित करते हुए कहा कि वास्तविक बालिका दिवस तभी सार्थक होगा जब बालिकाओं को स्वयं को साबित करने के पर्याप्त अवसर मिलें।विकास सैनी ने बालिका दिवस पर प्रकाश डालते हुए बताया कि हर साल 24 जनवरी का दिन भारत में राष्ट्रीय बालिका दिवस के रूप में मनाया जाता है। बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करके समाज में उन्हें विकास के लिए समान अवसर के साथ सम्मान दिलाने के मकसद से यह दिन मनाया जाता है।इस मौके पर बच्चों को उपहार देकर सम्मानित किया गया।इस मौके पर मैजिक इंडिया बस फाउंडेशन से मेघा गौतम सीएचओ मोनिका चौधरी,शुभी सहित दर्जनों लोग मौजूद रहें।।

## आईपीएस अलंकृता सिंह ने नौकरी से दिया त्यागपत्र प्रदेश सरकार ने किया स्वीकार

वेलकम इंडिया



**हापुड़।** जनपद हापुड़ में कप्तान रह चुकी 2008 बैच की आईपीएस अधिकारी अलंकृता सिंह ने नौकरी से दिया त्यागपत्र प्रदेश सरकार ने किया स्वीकार।

बता दें कि आईपीएस अलंकृता सिंह की प्राथमिक शिक्षा हापुड़ में हुई थी। खाकी पहनने का सपना देखने वाले युवाओं को आईपीएस अधिकारी बनने के लिए रात दिन कठिन परिश्रम करना पड़ता है।इस कठिन परिश्रम के चलते कुछ लोग अपने इस मुकाम तक पहुंचने में कामयाब हो जाते हैं।तो कुछ लोग बीच में ही दम तोड़ जाते हैं। लेकिन अलंकृता सिंह ने कठिन परिश्रम से गुजरने के साथ आईपीएस के मुकाम पर पहुंचते हुए अपना सपना साकार किया।

हापुड़ की कप्तान रह चुकी आईपीएस अलंकर्ता सिंह ने नौकरी से क्यों दिया त्यागपत्रअलंकृता सिंह 2008 बैच की आईपीएस अधिकारी हैं। जोकि शासन से बगैर अनुमति के लगभग 4 वर्ष पूर्व लंदन चली गई थी।और फिर अपनी ड्यूटी पर लौट कर नहीं आई जिसके चलते शासन ने उन्हें अप्रैल 2022 में निलंबित कर दिया था।

इसी क्रम में आईपीएस अलंकृता सिंह के द्वारा बीते दिनों अपना त्यागपत्र भेजा गया।जिसे राज्य सरकार ने स्वीकार कर लिया है।

# उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस कार्यक्रम किया आयोजन

वेलकम इंडिया



**हापुड़।** जनपद में उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस 2025 कार्यक्रम में मुख्य अतिथि लोकसभा क्षेत्र मेरठ मा0 सांसद श्री अरुण चंद्रप्रकाश गोविल, पूर्व प्रदेश महामंत्री श्री अश्वनी त्यागी माननीय सदस्य विधान परिषद एवं विशिष्ट गणमान्य अतिथि मा0 विधायक हापुड़ श्री विजयपाल आढती, जिलाधिकारी श्रीमती प्रेरणा शर्मा , पुलिस अधीक्षक श्री कुंवर ज्ञानंजय सिंह, मुख्य विकास अधिकारी श्री हिमांशु गौतम , अपर जिलाधिकारी श्री संदीप कुमार, भाजपा जिला अध्यक्ष श्री नरेश तोमर की उपस्थिति में कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

सर्वप्रथम कार्य के शुभारंभ से पूर्व मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलित किया गया इसके उपरांत स्कूली छात्राओं के द्वारा सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत गाते हुए कार्यक्रम का आरंभ हुआ। उत्तर प्रदेश दिवस के माध्यम से सरकारी योजनाओ का प्रचार प्रसार किया गया। उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम का सजीव प्रसारण लाभार्थियों द्वारा देखा एवं सुना गया।उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर विधायक सदर विजयपाल ने कहा कि उत्तर प्रदेश की स्थापना दिवस के आयोजन का आरंभ हमारी सरकार की देन है।

कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने विभिन्न योजनाओं के लगे स्टालों का निरीक्षण किया। इसी दौरान श्रम विभाग, ग्राम विकास विभाग, पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, उद्योग विभाग, महिला कल्याण विभाग के लाभार्थी को प्रमाण पत्र दिया गया।

कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि द्वारा बच्चों को बैग, खेल विभाग द्वारा ट्रैकसूट, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत आवासों की चाबी, दिव्यांगों को व्हील चेयर आदि के साथ-साथ अन्य विभागों द्वारा लाभार्थियों को प्रमाण पत्रों का वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य विभाग द्वारा पांच टी0बी के रोगियों को पुष्टाहार का वितरण भी कराया गया।उत्तर प्रदेश दिवस के कार्यक्रम के अवसर पर सूचना विभाग द्वारा 1500 से अधिक उत्तर प्रदेश संदेश नामक पत्रिका का वितरण कार्यक्रम में आए स्कूल के छात्र, एनसीसी कैडेट्स एवं लाभार्थियों के साथ-साथ अधिकारियों को किया गया। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला कृषि अधिकारी, उपयुक्त उद्योग अन्य संबंधित अधिकारीगण तथा जनसामान्य एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# अलिनागरि कुंज में धूमधाम से चल रहा है रसिक संत बालगोविंद दास महाराज का 19वां वार्षिक पुण्यतिथि समाराधन महोत्सव

वेलकम इंडिया



**वृन्दावन।** श्याम वाटिका/शीतल छाया क्षेत्र स्थित अलिनागरि कुंज में ब्रज के प्रख्यात रसिक संत बाल गोविन्द दास महाराज (अलिनागरि) का 19 वां 14 दिवसीय निकुंज प्रवेश तिथि समाराधन महोत्सव विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ प्रारम्भ हो गया है।जो कि 13 जनवरी 2025 से प्रारंभ होकर 26 फरवरी 2026 पर्यंत चलेगा।

महोत्सव के समन्वयक डॉ. गोपाल चतुर्वेदी ने बताया कि प्रमुख धमार्चार्य पण्डित रामनिवास शुक्ला के पावन सानिध्य में आयोजित इस महोत्सव में वेदज्ञ ब्राह्मणों के द्वारा नित्य श्रीमद्भागवत मूलपाठ किया जा रहा है।साथ ही सायं 6 से 7 बजे तक प्रख्यात शास्त्रीय गायकों द्वारा भजन व संकीर्तन आदि कार्यक्रम किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि महोत्सव के अंतर्गत 23 से 25 जनवरी पर्यंत अपराह्न 3 से सायं 5 बजे तक शरणागति आश्रम,वृन्दावन के महंत बिहारीदास भक्तमाली महाराज अपने श्रीमुख से सभी भक्तों-श्रृद्धालुओं को श्रीमद्भक्तमाल की कथा श्रवण करा रहे हैं। 25 जनवरी को प्रातः 9 बजे पूज्य महाराजश्री की प्रतिमा का पञ्चामृत से अभिषेक कर वैदिक मंत्रोच्चार के मध्य पूजन-अर्चन होगा।तदोपरांत उनके द्वारा रचित पदों का संगीत की मृदुल स्वर लहरियों के मध्य गायन किया जाएगा। इसके अलावा रात्रि 10 बजे से 26 जनवरी प्रातः 4 बजे तक अखंड श्रीहरिनाम (महामंत्र) संकीर्तन होगा। तत्पश्चात मध्याह्न 12 बजे संत, ब्रजवासी, वैष्णव सेवा एवं वृहद भंडारे के साथ महोत्सव का समापन होगा।

महोत्सव में अलिनागरि कुंज के सेवायत आचार्य पंडित रामनिवास शुक्ल, पंडित विद्या निधि शुक्ल, रासाचार्य स्वामी कुंज बिहारी शर्मा, प्रमुख शिक्षाविद् डॉ. चंद्रप्रकाश शर्मा, प्रख्यात संगीतज्ञ चन्दन महाराज, स्वामी मनमोहन शर्मा, संत विद्याधर दास, युवा साहित्यकार डॉ. राधाकांत शर्मा, गौरव शर्मा, पूर्व प्राचार्य शिवकुमार गोयल आदि की उपस्थिति विशेष रही।

# जीवन है अनमोल, यातायात के नियमों का पालन करें



वेलकम इंडिया

**झांसी।** पुलिस उपमहानिरीक्षक झाँसी परिक्षेत्र झाँसी केशव कुमार चौधरी द्वारा शासन के निदेर्शानुसार राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा जागरूकता माह 2025 के तहत चलाए जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 24-01-2025 को शिविर कार्यालय पर ट्रैफिक वार्डन प्रगति शर्मा के सहयोग से महिला पत्रकार संगीता राजभर-जेएमडी न्यूज,सोनिया पाण्डेय-यूएनआई न्यूज एजेन्सी, सविता सोनी- दबंग बुन्देलखण्ड, जोली खान-समाचार, अलका चौबे- प्रदेश वॉच एवं कार्यालय में तैनात महिला कर्मचारीगण को हेलमेट वितरित किये गये तथा ट्रैफिक नियमों के पालन करने के साथ ही साथ खुद की सुरक्षा हेतु अनिवार्य रूप से हेलमेट पहनने की अपील भी की गयी इसके उपरान्त पुलिस उपमहानिरीक्षक झाँसी द्वारा नोडल अधिकारी यातायात/पुलिस अधीक्षक नगर झाँसी ज्ञानेन्द्र कुमार, क्षेत्राधिकारी यातायात श्रीमती स्नेहा तिवारी, प्रभारी निरीक्षक यातायात उमाकांत ओझा के साथ बैठक कर राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा जागरूकता माह 2025 के तहत चलाये जा रहे अभियान के दौरान आयोजित किये जाने वाले विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों की समीक्षा की गयी तथा महानगर झाँसी के विभिन्न चौराहों/स्थानों जहां पर जाम की स्थिति अथवा जाम लगने की सम्भावना बनी रहती है, ऐसे स्थानों को चिन्हित कर समुचित पुलिस प्रबन्ध करने के निर्देश दिये गये जिससे यातायात सुचारू रूप से संचालन हो सके। बैठक के दौरान उपरोक्त अभियान को सफल बनाने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गये।

# स्ट्रांग रूम के बाहर मतपेटियों में गड़बड़ी की आशंका रोकने के लिए गए निर्दलीय प्रत्याशी के समर्थकों की पुलिस से हुई झड़प

वेलकम इंडिया

**बागेश्वर।** पालिका चुनाव की मतगणना से पूर्व अपने प्रत्यासी के समर्थन में मतपेटियों के साथ कोई छेड़छाड़ नही हो इसके लिए स्ट्रांग रूम के बाहर टेंट लगाकर पहरा दे रहे निर्दलीय प्रत्याशी कवि जोशी के समर्थकों की पुलिस से कहासुनी हो गई। मौके पर पहुंचे सुरक्षा में तैनात कोतवाली पुलिस के जवानों और कोतवाल कैलाश नेगी ने कवि जोशी के समर्थकों को टेंट के समीप से हटने की बात कही।जिस पर कवि जोशी के समर्थक वहा कभी भी मतपेटियों के साथ छेड़छाड़ होने और किसी भी प्रकार से कोई मतगणना में मतपेटियों के साथ कोई छेड़छाड़ नही हो इसके लिए मतगणना होने तक पहरा देने की बात कहने लगे।जिसके बाद पुलिस ने धारा144 लागू होने और पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था होने की बात कहते हुए वहां से टेंट हटाकर अन्यत्र लगाने की अपील की।जिसके बाद दोनों पक्षो में कहासुनी बड़ गई।जिसके बाद पुलिस ने बल प्रयोग करते हुए उन्हें हटाने की कोशिश की।जिसके बाद दोनों पक्षो के बीच तनातनी बढ़ गई।मामले में निर्दलीय प्रत्यासी कवि जोशी ने मतगणना से पूर्व ही मतदान को जीतने के लिए ऋषिकेश की तर्ज पर फर्जी तरीके से वोट डलवाकर मतपेटियों से खिलवाड़ करने और सत्ता पक्ष के दबाब में जबरन उनके समर्थकों को फर्जी तरीके से मुकदमे का भय दिखाते हुए मतपेटियों में फर्जी मत डलवाकर मतदान को अपने पक्ष में करवाने के आरोप लगाते हुए मामले की उच्चस्तरीय जांच की मांग की।और शांतिपूर्ण तरीके से स्ट्रांग रूम के बाहर मतपेटियों की सुरक्षा और किसी भी प्रकार से मतपेटियों के साथ छेड़छाड़ को रोकने के लिए लगातार बनाई जा रही नजर और सुरक्षा को हटाने के लिए जबरन उनके समर्थकों के साथ मारपीट करने के आरोप लगाए हैं।वही चुनाव आयोग, चुनाव प्रेक्षक, जिला निर्वाचन अधिकारी/ जिलाधिकारी,और पुलिस अधीक्षक से मामले की उच्चस्तरीय जांच कर उनके समर्थकों के साथ किए गए अन्याय और मारपीट करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।वही कोतवाल कैलाश नेगी से बात कर उनका पक्ष जानने की कोशिश की गई पर उनसे संपर्क स्थापित नही हो पाया।वही मामले की सूचना मिलते ही कवि जोशी समर्थक कोतवाली और डिग्री कालेज स्थित स्ट्रांग रूम के बाहर पहुंच गए।मिली जानकारी के आधार पर आर ओ और एसडीएम मोनिका भी स्ट्रांग रूम पहुंची।जहां उन्होंने मौजूद सभी कवि जोशी समर्थकों से वार्ता कर शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील कर किसी भी प्रकार से स्ट्रांग रूम में रखी मतपेटियों के साथ किसी भी प्रकार से छेड़छाड़ नही होने की बात कही।वही मामले में पुलिस द्वारा जबरन कवि जोशी के समर्थकों से अभद्रता और मारपीट करने के आरोप लगाते हुए उनके समर्थकों ने आंदोलन कि चेतावनी दी है।खबर लिखने तक पुलिस और कवि जोशी के समर्थकों के बीच विवाद चलता रहा है।

# स्वामी गिरीशानंद सरस्वती महाराज के श्रीमुख से भगवान श्रीकृष्ण के जन्म की कथा श्रवण कर भाव विभोर हुए भक्त-श्रद्धालु

वेलकम इंडिया



**वृन्दावन।** मथुरा रोड़ स्थित द्वारिका कुंज (मिजार्पुर वाली धर्मशाला) में चल रही सप्त दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन व्यासपीठ से प्रख्यात संत स्वामी गिरीशानंद सरस्वती महाराज ने देश-विदेश से आए सैकड़ों भक्तों-श्रद्धालुओं को वामन अवतार, बलि प्रसंग, गंगा अवतरण, श्रीराम जन्म एवं श्रीकृष्ण जन्म की कथा श्रवण कराई।

व्यासपीठ से प्रख्यात संत स्वामी गिरीशानंद सरस्वती महाराज ने कहा कि अखिल कोटि ब्रह्मांड नायक भगवान श्रीकृष्ण ने पृथ्वी पर जन्म लेकर न केवल पापियों, अत्याचारियों व दैत्यों का संघार किया बल्कि उन तमाम भक्तों, ऋषियों-मुनियों एवं साधु-संतों की वाणियों को साकार किया, जिन्होंने पूर्व जन्मों में भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं में संलग्न होने का वरदान प्राप्त किया था।

पूज्य महाराजश्री ने भगवान के दिव्य स्वरूप का वर्णन करते हुए कहा कि भगवान ने श्रीकृष्ण के रूप में ब्रज में अवतार लेकर पूरब से लेकर पश्चिम तक धर्म की स्थापना के लिए समस्त राक्षसों का उद्धार कर सभी जीवों को सुख प्रदान किया। व्यास पीठाधीन स्वामी गिरीशानंद सरस्वती महाराज ने कहा कि पृथ्वी पर जब-जब अधर्म बढ़ता है और धर्म की हानि होने लगती है,तब-तब अधर्म का नाश करने के लिए और धर्म की रक्षा व पुनःस्थापना के लिए भगवान नारायण पृथ्वी पर अवतरित होते हैं। इसीलिए वे तारणहार कहे जाते हैं।

इस अवसर पर भव्य नंदोत्सव आयोजित किया गया।साथ ही भगवान श्रीकृष्ण के बाल स्वरूप की दिव्य झांकी सजाई गई।इसके अलावा जन्म से संबंधित बधाईयों व भजनों का संगीत की मृदुल स्वर लहरियों के मध्य गायन किया गया।जिसके अंतर्गत रुपए-पैसे, खेल-खिलौने, वस्त्र-आभूषण आदि लुटाए गए।

इस अवसर पर श्रीउमा शक्ति पीठ के राष्ट्रीय प्रवक्ता पंडित आर. एन. द्विवेदी (राजू भैया), पुनीत भाटिया (दुबई), वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. गोपाल चतुर्वेदी, श्रीमती नीलम सोमानी, संजय सोमानी (गोरे गांव, मुम्बई) आदि की उपस्थिति विशेष रही।

# मिल्कीपुर उपचुनाव में सीएम योगी का अखिलेश पर हमला जातिवाद और परिवारवाद विकास में बाधाः योगी

**वेलकम इंडिया**

**अयोध्या।** मिल्कीपुर विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव में बीजेपी प्रत्याशी चन्द्रभान पासवान के समर्थन में जनसभा करने पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव पर चौतरफा हमला बोला। मुख्यमंत्री ने रेप के आरोपी सपा नेता मोईद खान का जिक्र करते हुए कहा कि देख सपाई बिटिया घबराई।

जनसभा में बोलते हुए योगी आदित्यनाथ ने महाकुंभ का जिक्र करते हुए कहा कि सभी धर्मावलंबी बिना जाति और पंथ के भेदभाव से ऊपर उठकर संगम में स्नान कर रहे हैं। मां गंगा और भगवान प्रयागराज का आशीर्वाद प्राप्त कर रहे हैं। संगम का संदेश है ॾ एकता से ही देश अखंड रहेगा। लेकिन जातिवाद और परिवारवाद इस एकता के मार्ग में सबसे बड़ी चुनौती हैं। मैं यहां इन्हीं चुनौतियों पर प्रहार करने आया हूं।

जातिवाद और परिवारवाद की राजनीति आपके विकास में बाधा

मुख्यमंत्री ने कहा कि जातिवाद और परिवारवाद की राजनीति आपके विकास में बाधा है। यह राजनीति आपकी आस्था के साथ खिलवाड़ करती है। कुछ लोग केवल अपने परिवार की चिंता करते हैं, जनता की नहीं। उन्होंने कभी किसी दलित, वंचित या पिछड़ी जाति के व्यक्ति का उत्थान नहीं किया। याद करिए, अयोध्या जनपद का पुराना नाम अंबेडकर नगर था। यहीं स्वर्गीय डॉ। राम मनोहर लोहिया पैदा हुए थे। उन्होंने कहा था कि संपत्ति के चक्कर में पड़े लोग समाजवादी नहीं हो सकते। आज के समाजवादी संपत्ति के पीछे पड़े हैं। वे हर जगह कब्जा कर लेते हैं, अपराधियों और माफियाओं को बचाते हैं।

महाकुंभ को लेकर दुष्प्रचार कर रही सपा

मुख्यमंत्री ने कहा, ॾसमाजवादी पार्टी के अध्यक्ष का महाकुंभ को लेकर बयान देखिए। जब पूरा देश और दुनिया प्रयागराज की ओर आकर्षित हो रही है, तब वे महाकुंभ के बारे में दुष्प्रचार कर रहे हैं। 22 जनवरी 2024 को जब अयोध्या में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के कार्यक्रम से 500 वर्षों का इंतजार समाप्त हुआ और प्रभु रामलला अयोध्या में विराजमान हुए, तब भी समाजवादी पार्टी ने विरोध किया था।!

सपा के हाथ निर्दोष कारसेवकों के खून से सने हैं

उन्होंने आगे कहा कि समाजवादी पार्टी ने हमेशा आपकी आस्था के साथ खिलवाड़ किया है। उनके हाथ निर्दोष



कारसेवकों के खून से सने हुए हैं। उन्होंने अयोध्या की गलियों में निर्दोषों पर गोलियां बरसाई थीं। वे राम मंदिर का विरोध करते हैं, महाकुंभ का विरोध करते हैं, और काशी में संत रविदास जी की जन्मभूमि के विकास का भी विरोध करते हैं। हमारी सरकार ने काशी में संत रविदास जी की जन्मभूमि का विकास किया, समाजवादी पार्टी ने उसका भी विरोध किया। हमने लखनऊ में बिजली पासी के किले का सुंदरीकरण किया, समाजवादी पार्टी ने उसका भी विरोध किया। हमने महाराज सुहेलदेव के विजय स्मारक का निर्माण किया, समाजवादी पार्टी ने उसका भी विरोध किया।

हमने तीन महिला बटालियन का गठन किया, समाजवादी पार्टी ने उसका भी विरोध किया। हमने कन्नौज के मेडिकल कॉलेज का नाम बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के नाम पर रखा, समाजवादी पार्टी ने उसका भी विरोध किया। आज 24 जनवरी है, दो दिन बाद 26 जनवरी को हमारा देश संविधान के 75 वर्ष पूरे करेगा। बाबा साहब भीमराव अंबेडकर ने हमें जो संविधान दिया, वह पूरे भारत को एकता के सूत्र में जोड़ता है। समाजवादी पार्टी बाबा साहब का अपमान करती है, सामाजिक न्याय के महापुरुषों का अपमान करती है।माफिया मरता है तो फातिहा पढ़ने जाती है सपा समाजवादी पार्टी राम मंदिर का विरोध करती है, काशी विश्वनाथ धाम का विरोध करती है, संत रविदास जी की जन्मभूमि के विकास का विरोध करती है। वे केवल माफियाओं के लिए आंसू बहाते हैं। जब कोई माफिया मरता है, तो वे फातिहा पढ़ने जाते हैं। हम अयोध्या के विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमने अयोध्या को मिल्कीपुर के विकास के लिए भी योजनाएं बनाई हैं।

कुमारगंज का कृषि विश्वविद्यालय आचार्य नरेंद्र देव जी के नाम पर है और उसका विकास हो रहा है। हम गुलामी की मानसिकता से बाहर निकलकर अपने महापुरुषों के नाम पर संस्थानों का नामकरण कर रहे हैं। आज अयोध्या का विकास हो रहा है। समाजवादी पार्टी ने हमेशा विकास कार्यों का विरोध किया है।

लेकिन आज अयोध्या का नाम सम्मान के साथ लिया जाता है, और यह सम्मान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व के कारण है। मुख्यमंत्री योगी की जनसभा में कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही जेपीएस राठौर मनकेश्वर शरण सिंह गिरीश चंद्र यादव सतीश शर्मा दयाशंकर मिश्र दयाल जिला पंचायत अध्यक्ष करौली सिंह पूर्व सांसद लल्लू सिंह विधायक रामचंद्र यादव अमित सिंह चौहान वेद प्रकाश गुप्ता पूर्व विधायक खब्बू तिवारी गोरखनाथ बाबा भाजपा के सभी पूर्व जिला अध्यक्ष संगठन के पदाधिकारी तथा मिल्कीपुर विधानसभा चुनाव में टिकट के दावेदार रहे सभी अठारह प्रत्याशी मौजूद रहे जनसभा का संचालन राधेश्याम त्यागी ने किया।

# नेपाल बार्डर पर हो रही मादक प्रदार्थ तस्करी पर रखें निगाहः डीआईजी



**वेलकम इण्डिया**

**सिद्धार्थनगर।** डीआईजी बस्ती परिक्षेत्र बस्ती दिनेश कुमार पी की ओर से शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक हुई। इसमें नेपाल बार्डर पर हो रही विभिन्न प्रकार की तस्करी के प्रभावी रोकथाम के लिए बैठक किया गया। डीआईजी दिनेश कुमार पी ने नेपाल बार्डर पर हो रही विभिन्न प्रकार की तस्करी के प्रभावी रोकथाम के लिए आवश्यक दिशा- निर्देश दिया। इसके साथ ही मादक पादर्थो व विभिन्न प्रकार की तस्करी के तरीकों के संबंध में अभिसूचनाओं के आदान-प्रदान, अवैध कारोबार में संलिप्त लोगों का व्यपवर्तन तथा प्रतिबंधित दवाओं का दुरुपयोग एवं तस्करी तथा नशामुक्ति के संबंध में आमजन को जागरुक करने, बार्डर पर गश्त, चेकिंग इत्यादि बिन्दुओं पर चर्चा की। संबंधित को आवश्यक दिशा- निर्देश दिया।

## छ बोरी गेहूं व दो बोरी चावल के साथ दो तस्कर दबोचे

**ककरहवा/सिद्धार्थनगर।** मोहाना थाना क्षेत्र के चिरीपुर गांव के पास नो मेन्स लैंड के करीब दो तस्करों को छह बोरी गेहूं व दो बोरी चावल के साथ ककरहवा चौकी पुलिस ने पकड़ कर कस्टम कार्यालय भेज दिया। तस्करों के पास से चौकी पुलिस ने तीन मोटरसाइकिल भी बरामद किया।

# दुराचारी के साथ फोटो खिंचवाने में गर्व करते हैं अयोध्या सांसद योगी

**वेलकम इंडिया**

मिल्कीपुर का संदेश बहुत दूर तक जाने वाला है इसलिए आप लोग दंगाइयों को नहीं राष्ट्र भक्त को जिताये, अयोध्या धाम का एक संदेश एकता से अखण्ड रहेगा देश, भाजपा कार्यकर्ता सब कुछ देश के लिए करता है, ३तेरा वैभव अमर रहे मां, हम दिन चार रहे न रहे३,,, उक्त बातों को सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मिल्कीपुर के पलिया लोहानी चौराहे पर आयोजित सभा को सम्बोधित करते हुए कही।



उन्होंने अपने भाषण की शुरूवात महर्षि बाम देव एवं श्री राम के जय घोष से की, योगी ने कहा कि भीड़ को देखकर महा कुंभ याद आ रहा है, जहां विना किसी भेदभाव के करोड़ लोग स्नान करके पुण्य लाभ ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि अबतक 10 करोड़ लोगों ने स्नान कर लिया 45 करोड़ श्रद्धालुओं के आने की सम्भावना है। दुनिया के 200 देश ऐसे हैं जहां की आबादी 45 करोड़ नहीं है, शास्त्रों में कहा गया है कि भारत में जन्म लेना दुर्लभ है उसमें भी मानव रूप में जन्म लेना ज्यादा दुर्लभ है, उन्होंने महाकुंभ की याद को दोहराते हुए कहा कि त्रिवेणी का एक ही संदेश एकता से अखंड रहेगा देश उन्होंने कहा कि सबसे बड़ी चुनौती जातिवाद एवं परिवारवाद से है, मिल्कीपुर में हम परिवारवाद के खिलाफ आए हैं सपा के लोग बांटने की राजनीति करते हैं, और वह विकास के बाधक हैं इन्हें केवल अपने परिवार की चिंता है।

# खुशबू व रोशनी द्वारा तालाब का सौन्दर्गीकरण एवं गुलाब वाटिका का किया लोकार्पण

**वेलकम इंडिया**

**सिद्धार्थनगर।** राजकीय उद्यान नौगढ़ सिद्धार्थनगर में तालाब का सौन्दर्गीकरण एवं गुलाब वाटिका का लोकार्पण माध्यमिक शिक्षा बोर्ड 2024 की परीक्षा में राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बसौनी में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली सुश्री खुशबू पुत्री हरीशचन्द्र एवं राजकीय इन्टर कालेज नौगढ़ सिद्धार्थनगर में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली सुश्री रोशनी पुत्री रमापति द्वारा लोकार्पण किया गया। वर्तमान सुश्री खुशबू पुत्री हरीशचन्द्र वर्तमान में जवाहर लाल नेहरू इन्टर कालेज नौगढ़ में कक्षा 11 की छात्रा है तथा सुश्री रोशनी पुत्री रमापति राजकीय इन्टर कालेज नौगढ़ सिद्धार्थनगर में कक्षा 11 की छात्रा है।





जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 द्वारा दोनों लड़कियों को बुके देकर स्वागत किया गया। जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 ने कहा कि राजकीय उद्यान नौगढ़ सिद्धार्थनगर में तालाब का सौन्दर्याकरण एवं गुलाब वाटिका का लाउकार्पण हुआ है। इससे यहां पर आने वाले लोगों को अच्छा अनुभव होगा। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी नौगढ़ कल्याण सिंह मौर्य, जिला उद्यान अधिकारी नन्हे लाल वर्मा, प्रधानाचार्य राजकीय इन्टर कालेज दयाशंकर यादव उद्यान निरीक्षक सन्दीप वर्मा, प्रधानाचार्य जवाहर लाल नेहरू इन्टर कालेज नौगढ़ आशीष कुमार व अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# अवैध रूप से मिट्टी लदे दो डंपर को पुलिस व राजस्व की टीम ने पकड़ा

**वेलकम इण्डिया**

**ककरहवा/सिद्धार्थनगर।** मोहाना थाना क्षेत्र के बर्डपुर नंबर चार के नन्दनगर गांव के पास अवैध रूप से मिट्टी खनन में संलिप्त मिट्टी लदी दो डंपर को सदर एसडीएम के नेतृत्व में राजस्व व पुलिस की टीम ने बृहस्पतिवार रात को पकड़ लिया।



पकड़े गए डंपर पर एमबी एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए सीज कर दिया गया है। जबकि, खनन में प्रयुक्त जेसीबी को लेकर खनन माफिया मौके से भागने में सफल रहे। एसडीएम सदर कल्याण सिंह मौर्य को बृहस्पतिवार रात सूचना मिली कि मोहाना थाना क्षेत्र के बर्डपुर नंबर चार के नन्दनगर गांव में अवैध रूप से जेसीबी व डंपर लगाकर मिट्टी खनन किया जा रहा है। सूचना पर सदर एसडीएम के नेतृत्व में राजस्व व मोहाना थाना पुलिस ने छापा मारा। जांच टीम को आता देखकर खनन में संलिप्त खनन माफिया जेसीबी लेकर फरार हो गए। टीम ने मौके से मिट्टी लदी दो डंपर पकड़ लिया।

सदर एसडीएम ने पकड़े गये दोनों डंपरों को एमबी एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए सीज कर मोहाना पुलिस को सौंप दिया है। टीम में नायब तहसीलदार माधुर्य यादव, लेखपाल शिवशंकर यादव, शशांक,प्रदीप, योगेंद्र, मोहाना थानाध्यक्ष अनूप कुमार मिश्र, चौकी प्रभारी ककरहवा राकेश त्रिपाठी, आरक्षी सतेंद्र कुमार, अनिल यादव शामिल रहे।

# गोड़वा बरौकी ग्राम प्रधान वीरेंद्र शुक्ला होंगे गणतंत्र दिवस दिल्ली परेड के मेहमान

**वेलकम इंडिया**



**माल, लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के माल ब्लॉक के गोड़वा बरौकी गांव के ग्राम प्रधान वीरेंद्र शुक्ला को उनके उल्लेखनीय कार्यों के लिए 26 जनवरी को दिल्ली में होने वाली गणतंत्र दिवस परेड में आमंत्रित किया गया है। वे जिले का प्रतिनिधित्व करने वाले एकमात्र प्रधान होंगे।

वीरेंद्र शुक्ला ने अपनी ग्राम पंचायत में कई महत्वपूर्ण विकास कार्य किए हैं। उन्होंने गांव में खिलाड़ियों के लिए मैदान बनवाए हैं, जिससे स्थानीय प्रतिभाओं को अपनी क्षमताओं को निखारने का अवसर मिल रहा है। ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान के लिए वे नियमित रूप से अधिकारियों की उपस्थिति में चौपाल का आयोजन करते हैं।गरीब और असहाय बच्चों की मदद करने के साथ-साथ, उन्होंने दिव्यांगजनों के लिए विशेष पहल की है। गांव में व्हीलचेयर और विशेष शौचालयों की व्यवस्था की गई है, साथ ही पेंशन का समय पर भुगतान सुनिश्चित किया जाता है। स्वास्थ्य, शिक्षा और स्वच्छता के क्षेत्र में भी उनके प्रयास सराहनीय रहे हैं।गंभीर बीमारियों से पीड़ित लोगों को सरकारी सहायता दिलाने में भी वे सक्रिय भूमिका निभाते हैं। उनके विकास कार्यों से न केवल गांव के लोग प्रसन्न हैं, बल्कि उनके इस सम्मान पर पूरा गांव गौरवान्वित महसूस कर रहा है। गणतंत्र दिवस समारोह में उनकी उपस्थिति अमेठी के ग्रामीण विकास की सफलता का प्रतीक बनेगी।

# ध्वज स्तम्भ गिरने से एक व्यक्ति की मौत, कई लोग घायल

**वेलकम इण्डिया**

- 120 फिट ध्वज स्तम्भ खड़ा करते समय असन्तुलित होकर जेसीबी पलटा

**डुमरियागंज/सिद्धार्थनगर।** जिले के डुमरियागंज तहसील क्षेत्र के सोनहटी चौराहे पर गणतन्त्र दिवस समारोह के लिए झण्डा फहराने हेतु खड़ा किया जा रहा लोहे का एक स्तम्भ शुक्रवार शाम लगभग 03:30 बजे 33 केवी विद्युत लाइन के ऊपर गिर पडा, जिससे स्तम्भ सहित कई विद्युत पोल टूटकर जमीन पर गिर पड़ा। जिसके नीचे दबकर कई लोग घायल हो गये और एक व्यक्ति की मृत्यु हो गयीं। मृतक का नाम श्याम लाल पुत्र मंगरे (लोहरौली) व घायलों में अखिलेश पुत्र आशोक बीरपुर बताया जाता है। डुमरियागंज रूधौली- डुमरियागंज व डुमरियागंज-बांसी मार्ग पर आज बन्द है।



मौके पर उप जिलाधिकारी डुमरियागंज, थाना प्रभारी डुमरियागंज, पुलिस क्षेत्राधिकारी, उपखण्ड अधिकारी विद्युत सहित पुलिस व प्रशासन के लोग मौजूद थे।

अधिशासी अभियन्ता विद्युत ने बताया कि ध्वज स्तम्भ असन्तुलित होकर 33 हजार बोल्टेज लाईन पर गिर गया, जिसके नीचे दबने से एक व्यक्ति के गम्भीर रूप से घायल व दो लोगों को हल्की फुल्की चोटें आने की खबर मिली हैं। पुलिस व प्रशासन के साथ हमारा पूरा स्टाफ घटना स्थल पर मौजूद है। वहीं इस सम्बन्ध में परियोजना निदेशक डीआरडीए सिद्धार्थनगर नगेन्द्र मोहन राम त्रिपाठी ने बताया कि आज मै छुट्टी पर हूँ। इसलिए कोई भी जानकारी देने में असमर्थ हूँ।

# राष्ट्रीय बालिका दिवस पर स्वास्थ्य विभाग ने आयोजित की कार्यशाला

**वेलकम इंडिया**

**लखनऊ।** राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर शुक्रवार को अपर निदेशक कार्यालय, चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, लखनऊ मंडल में जागरूकता निकाली गई जिसे मंडलायुक्त प्रतिनिधि गूंजिता अग्रवाल, आईएएस ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।



इसी क्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय सभागार में संयुक्त रूप से मंडलीय एवं जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजित हुई।

कार्यशाला की अध्यक्षता

करते हुए अपर निदेशक, चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, लखनऊ मंडल डॉ. जी.पी.गुप्ता ने कहा कि इस दिवस की शुरूआत साल 2008 में महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा की गई थी।

इस दिवस को मनाने का उद्देश्य बालिकाओं के सामने आने वाली चुनौतियों पर प्रकाश डालना तथा शिक्षा, स्वास्थ्य एवं पोषण तक समान पहुंच पर जोर देना है। इसी क्रम में सरकार द्वारा कन्या सुमंगला योजना, ३बेटी बचाओ- बेटी पढ़ाओ३ जैसी योजनाएं चलाई जा रही हैं।

उन्होंने कहा कि अल्ट्रासाउंड केंद्र पर आने वाले लाभार्थियों को लड़का-लड़की में भेदभाव न करने के लिए काउंसिल करें। उन्हें बताएं कि लड़कियां ऊंचे मुकाम हासिल कर रही हैं। समाज में लड़का लड़की बराबर हैं का प्रचार प्रसार व्यापक तौर से करना जरूरी है तभी समुदाय की मानसिकता में बदलाव आएगा। सरकार के प्रयासों से लिंगानुपात में कमी आई है लेकिन और इस पर और फोकस करने की जरूरत है। इसको लेकर जो भी नियम कानून बनाए गए हैं उसकी जानकारी चिकित्सकों, अल्ट्रा सोनोलॉजिस्ट को होना बहुत जरूरी है।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एन.बी. सिंह ने कहा कि वंश को आगे बढ़ाने, अंतिम संस्कार लड़के द्वारा किए जाने जैसे गलत सोच के कारण लोग गर्भ में ही कन्या भ्रूण हत्या कर देते हैं। इसको गैरकानूनी करार करते हुए सरकार ने गर्भधारण एवं प्रसव पूर्व निदान तकनीक (लिंग चयन प्रतिषेध), अधिनियम (पीसीपीएनडीटी एक्ट), 1994 लागू किया है। मुखबिर योजना चलाई है तथा गर्भ समापन संशोधन अधिनियम(एम टी पी एक्ट), 2021 लागू किया गया है।

पीसीपीएनडीटी के नोडल अधिकारी डा. के.डी. मिश्रा ने एक्ट की जानकारी देते हुए बताया कि पीसीपीएनडीटी एक्ट, 1994 के तहत गर्भ में पल रहे बच्चे के लिंग की जांच करना या करवाना कानूनन दंडनीय अपराध है। इसमें अल्ट्रासाउंड करने और करवाने वाले का सारा विवरण होता है और एक पंजीकरण नंबर भी होता है। इस माध्यम से अल्ट्रासाउंड करवाने के उद्देश्य का भी पता चलता है। सरकार की ओर से चल रही ३मुखबिर योजना' से जुड़कर लिंग चयन/भ्रूण हत्या/अवैध गर्भपात में संलिप्त व्यक्तियों/ संस्थानों के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही में सरकार की सहायता की जा सकती है और इसके एवज में सरकार प्रोत्साहन राशि देती है। योजना के तहत सहायता करने पर गर्भवती को एक लाख रुपए, मुखबिर को 60,000 रुपए तथा

सहायक को 40,000 रुपए की प्रोत्साहन राशि दी जाती है। सभी का नाम और पहचान गोपनीय रखा जाता है।इसका अधिक से अधिक प्रचार करें जिससे कि लोग इस योजना में मदद के लिए आगे आएं। बलरामपुर अस्पताल के वरिष्ठ परामर्शदाता डॉ. आर.के.चौधरी ने बताया कि लिंग निर्धारण के लिए प्रेरित करने तथा अधिनियम के प्रावधानों / नियमों के उल्लंघन के लिए कारावास एवं सजा का प्रावधान है। लिंग जांच करके बताने वाले को पांच साल की सजा या एक लाख का जुमार्ना है और जो व्यक्ति भ्रूण लिंग जांच करवाता है उस को पांच साल की सजा या 50,000 रुपये तक का जुमार्ना हो सकता है।

# चोरी की वारदातों में तीन चोर गिरफ्तार

**वेलकम इंडिया**

**टाण्डा जिला रामपुर।** कोतवाली पुलिस ने चोरी की वारदातों में शामिल तीन चोरों को गिरफ्तार किया है।आरोपियों के पास से चोरी की घटनाओं में उपयोग में लाए जाने वाला वाहन छोटा हाथी,दो बैटरे,एक मोबाइल, दो तमंचे और एक चाकू बरामद किया है।पुलिस ने विधिक कार्रवाई के बाद आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश किया।जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।



पुलिस के अनुसार क्षेत्र के ग्राम चंदुपुरा निवासी सुक्खी सिंह पुत्र रामचंद्र के स्कूल में 16 जनवरी की रात को चोरी की वारदात हुई थी। कोतवाली पुलिस ने प्राप्त तरहरीर के आधार पर दोनों वारदातों की सुसंगत धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी। तफ्तीश के दौरान राशिद पुत्र जाहिद, सलमान पुत्र राशिद निवासी ग्राम गंजो वाली मिलक थाना भगतपुर-टाण्डा जनपद मुरादाबाद हाल निवासी मोहल्ला ईदगाह सुल्तानपुर पट्टी रोड कस्बा मसवासी थाना स्वार जनपद रामपुर, मकसूद उर्फ चवन्नी पुत्र हनीफ निवासी मौहल्ला राण्ड कस्बा व थाना टाण्डा जनपद रामपुर, अनीस पुत्र इब्ले निवासी ग्राम लोधीपुर नायक थाना टाण्डा जनपद रामपुर, मुन्तजिर पुत्र मुन्त्याज निवासी मोहल्ला राहूपुरा कस्बा व थाना टाण्डा जनपद रामपुर का नाम प्रकाश में आया। पुलिस को आरोपियों की तलाश थी। शुक्रवार की सुबह कोतवाली पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि क्षेत्र में चोरी की वारदात अंजाम देने वाले तीन आरोपी ग्राम झब्बूपुरा के निकट रतुआ नगला के तिराहे के पास खड़े हैं।अगर जल्दी की जाए तो पकड़े जा सकते हैं।पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी राशिद, सलमान, मकसूद उर्फ चवन्नी को गिरफ्तार कर लिया।

प्रभारी निरीक्षक ओमकार सिंह ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों का आपराधिक इतिहास है।राशिद के खिलाफ अलग-अलग थानों में दो दर्जन से अधिक मुकदमे दर्ज हैं। जबकि मकसूद उर्फ चवन्नी के विरुद्ध आठ तथा सलमान के खिलाफ आधा दर्जन मामले दर्ज हैं। गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक ओमकार सिंह सहित वरिष्ठ उपनिरीक्षक सतराज सिंह, उपनिरीक्षक पंकज कुमार, उपनिरीक्षक अफजाल अहमद, हेडकांस्टेबल मौ0 आरिफ, मौ० अंजार अहमद, पुष्पेन्द्र सिंह, हरिओम सिंह व कांस्टेबल विकास कुमार शामिल रहे।

# सभी धर्म समुदायों सभी वर्गों के लिए बेटी बेटी को संपत्ति में समान अधिकार: धामी

वेलकम इंडिया



**देहरादून।** उत्तराखंड में जल्द ही यूनिफॉर्म डीडी संहिता नियमावली को मंजूरी मिल चुकी है। उत्तराखंड कैबिनेट ने 20 जनवरी को इसकी मंजूरी दी थी। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड की जनता ने यूसीसी के लिए हमें जनादेश दिया है। हम वादा पूरा कर रहे हैं। किसी भी धर्म के लोगों टारगेट नहीं कर रहे है। यूसीसी लागू होने से तुष्टिकरण की राजनीति करने वालों को परेशानी हो रही है।

सीएम धामी ने संकेत दिया कि समान नागरिक संहिता (यूसीसी) इसी महीने के अंत में लागू किया जाएगा। उन्होंने यह तो नहीं बताया कि किस तारीख हो यूसीसी लागू किया जाएगा लेकिन इतना संकेत जरुर दिया कि सरकार गणतंत्र दिवस (26 जनवरी) पर यूसीसी लागू करने की घोषणा कर सकती है। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि उनकी सरकार यूसीसी इसी महीने लागू करने की तैयारी कर रही है। यूसीसी लागू करने वाला उत्तराखंड देश का पहला राज्य बनेगा। यूसीसी की गंगा देवभूमि से निकल रही है।

पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि हम पर्सनल लॉ में दखल नहीं दे रहे हैं। सबके लिए समान व्यवस्था लागू कर रहे हैं। हलाला, बहु विवाह जैसी कुप्रथाओं से मुक्ति मिलनी चाहिए। यूसीसी में महिलाओं की सुरक्षा को ध्यान में रखा गया है। हम लिव इन रिलेशन में रहने से किसी को मना नहीं कर रहे। माता-पिता को अपने बच्चों की जानकारी होनी चाहिए। इसलिए लिव इन में रहने वालों को अपने माता-पिता से इजाजत लेनी होगी। हमने श्रद्धा-आफताब जैसे केसों की स्टडी की है। प्राइवेसी खत्म करना नहीं, सुरक्षा हमारा उद्देश्य है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि देवभूमि का मूल स्वरूप बने रहना चाहिए। सरकारी जमीन पर अतिक्रमण अच्छा नहीं है। कुछ लोगों ने धर्म की आड़ में धार्मिक स्थल, मजार बना दिया। अतिक्रमण से साढ़े 5 हजार एकड़ जमीन मुक्त कराया गया है। उत्तराखंड में मदरसों की जांच के हमने आदेश दिए। बांग्लादेशियों, रोहिंग्या लिंक की जांच के आदेश भी दिए हैं। पहचान छिपाकर रह रहे लोगों के खिलाफ एक्शन होगा।

प्रदेश में सरल व पारदर्शी तरीके से समान नागरिक संहिता लागू हो, इसके लिए वेब पोर्टल व मोबाइल एप तैयार कर लिए गए हैं। अब इनका परीक्षण किया जा रहा है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी इसी माह राज्य में समान नागरिक संहिता कानून लागू करने की घोषणा कर चुके हैं। उत्तराखंड में सभी नागरिकों को समान अधिकार प्रदान करने के लिए प्रदेश सरकार समान नागरिक संहिता कानून बना चुकी है। इसे राष्ट्रपति भवन से स्वीकृति मिल चुकी है। इस कानून के प्रविधानों को लागू करने के लिए नियमावली बनाई जा चुकी है। अब कानून को धरातल पर उतारने के लिए कार्मिकों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके लिए ब्लाक स्तर तक राजस्व, पुलिस, स्थानीय निकाय, कैंट बोर्ड व अभियोजन आदि संबंधित विभागों के कार्मिकों की सूची तैयार हो रही है। सीएससी एसपीवी सभी अधिकारियों को समान नागरिक संहिता की प्रक्रियाओं को समझने और इन्हें लागू करने का प्रशिक्षण प्रदान करेगी। अधिकारियों और नागरिकों की सुविधा सुनिश्चित करने के लिए तीन विभाग सहायता केंद्र स्थापित करेंगे। इनफारमेशन टेक्नालाजी डेवलपमेंट एजेंसी (आइटीडीए) तकनीकी सहयोग के लिए, सीएससी एसपीवी प्रशिक्षण के लिए और अभियोजन विभाग सभी हितधारकों को कानूनी सहायता प्रदान करने को इन केंद्रों का संचालन करेंगे।

## मतगणना कार्मिकों का तृतीय रेंडमाइजेशन संपन्न

**बागेश्वर।** स्थानीय निकाय सामान्य निर्वाचन की मतगणना के सफल संपादन के लिए मतगणना कार्मिकों का तृतीय रेंडमाइजेशन हुआ। शुक्रवार को जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन आशीष भटगांई की उपस्थिति में मतगणना कार्मिकों का तृतीय रेंडमाइजेशन कलेक्ट्रेट स्थित वीसी कक्ष में हुआ। तीनों निकायों की मतगणना के लिए 25 टेबल लगाई जाएगी। मतगणना के लिए रिजर्व सहित कुल 124 मतगणना सुपरवाइजर व मतगणना सहायक कार्मिकों का रेंडमाइजेशन किया गया। नगर पालिका परिषद बागेश्वर की मतगणना के लिए 11 टेबल लगायी जाएगी। जबकि नगर पंचायत कपकोट व गरुड़ की 7-7 टेबल में मतगणना होगी।

रेंडमाइजेशन के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी/ मुख्य विकास अधिकारी आरसी तिवारी, एडीएम एनएस नबियाल, नोडल अधिकारी कार्मिक/जिला विकास अधिकारी संगीता आर्या, रिटर्निंग ऑफिसर मोनिका, अनुराग आर्या, जितेंद्र वर्मा, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी राहुल आदि उपस्थित रहे।

# प्रत्येक जीवन अमूल्य है न्यायालय की दी गई शक्तियों का प्रयोग करें अधिकारी: जिला अधिकारी देहरादून

वेलकम इंडिया



**देहरादून।** जिलाधिकारी सविन बंसल शहर की यातायात व्यवस्था में सुधार लाने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं, जिसके लिए शहर में पार्किंग एवं यातायात प्रबन्धन हेतु निरंतर प्रयास किये जा रहे हैं। डीएम एवं एसएसपी के शहर भ्रमण उपरान्त सड़क सुधार एवं यातायात प्रबन्धन तथा बाजारों जनमानस की सुरक्षा के दृष्टिगट निरंतर सुधारात्मक कार्य गतिमान है।

जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि न्यायालय की सड़क सुरक्षा समिति को सुधार के लिए असीम शक्तियां प्रदान की गई हैं, तथा आपदा प्रबन्धन अधिनियम 2005 में वर्णित शक्तियों का प्रयोग करते हुए सड़क सुधार कार्य किये जाएं। प्रत्येक जीवन अमूल्य है, सड़क पर तेज रफ्तार पर ब्रेक लगाना आवश्यक है इसके लिए निरंतर सुधार किये जा रहे हैं। आईएसबीटी क्षेत्र आवागमन के लिए 2 गेट होने के उपरान्त भी 01 गेट से बसों का संचालन किया जा रहा है था, अब ऋषिकेश, हरिद्वार, कोटद्वार व गढवाल तथा कुमाऊ के क्षेत्रों में जाने वाले वाहन का निकास व प्रवेश गेट न0 2 के कट से तथा सहारनपुर, दिल्ली जाने वाले वाहनों का निकास गेट 01 के कट से किये जाने एवं प्रवेश गेट 2 से करने का निर्णय लिया गया। आईएसबीटी क्षेत्र के बाहर वाहनों द्वारा यात्रियों को बैठाने तथा उतारने से भी यातायात प्रभावित हो रहा था, जिसे अब बंद करने का निर्णय लिया गया है, वाहन में यात्रियों को बैठाने व उतारने हेतु निर्धारित स्थल पर किया जाएगा, नियमों का पालन न करने वालों के वाहन सीज करते हुए रेंजर्स ग्राउण्ड लाए जाएंगे तथा बार-बार ऐसा कृत्य करते पाए जाने पर लाईसेंस निलंबित किये जाएंगे। इसके लिए पुलिस अधीक्षक यातायात व सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी की जिम्मेदारी तय की गई है। आईएसबीटी फ्लाई ओवर के नीचे जंक्शन प्वांईट पर निरंजनपुर मण्डी की तरफ आने वाले ट्रेफिक क कारगी चौक एवं टर्नर रोड की तरफ जाने के कारण तथा टर्नर रोड से जाने वाले वाहनों के कारगी एवं निरंजनपुर मण्डी से वाहनों को निरंजनपुर मण्डी की तरफ जाने के कारण जाम की स्थिति उत्पन्न होती है। अब इसमें सुधार करते हुए निरंजनपुर मण्डी से दुपहिया एवं चार पहिया हल्के वाहनों को निरंजनपुर मण्डी की तरफ से फ्लाई आवेर के माध्यम से जंक्शन आईएसलैण्ड से कारगी चौक की तरफ संचालित डायवर्ट कर, आईएसबीटी फ्लाईओवर के नीचे सर्विस रोड़ एवं जंक्शन प्वांईट पर यातायात दबाव कम करने का प्रयास किया गया है। पूर्ण सुरक्षा उपाय के उपरान्त खुलेगा फ्लाई ओवर का कारगी की ओर लेफ्टटर्न। आईएसबीटी पर 4 पार्किंग का कार्य युद्धस्तर पर जारी, जल्द जनमानस को समर्पित की जाएंगी।

# बीजेपी पर लगाया धन बल और सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग का आरोप

वेलकम इंडिया



**हल्द्वानी।** नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने निकाय चुनाव मतदान के बाद उत्तराखंड के सभी नगर निकाय के मेयर सीट के साथ-साथ सभी निकाय सीट की जीतने का दावा किया है। साथ ही उत्तराखंड सरकार पर गंभीर आरोप लगाया है। नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा है कि नगर निकाय चुनाव के सभी सीट जीतने जा रहे हैं। इस बार मतदान प्रतिशत अधिक हुआ है, जिससे साफ जाहिर हो रहा है कि लोगों ने परिवर्तन का मन बनाया है। उन्होंने कहा कि निकाय चुनाव में भारतीय जनता पार्टी परास्त होने जा रही है। उन्होंने आरोप लगाया है कि निकाय चुनाव में सरकार सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग किया है। उन्होंने कहा कि सरकार सत्ता को हथियाना के लिए सभी तरह के हथकंडे का उपयोग किया है। मतदाता सूची से 30 प्रतिशत लोगों के नाम गायब कर दिए गए हैं, इससे साफ जाहिर हो रहा है कि सरकार की मंशा चुनाव कराने के लिए ठीक नहीं थी। उन्होंने आरोप लगाया है कि चुनाव में सरकार ने सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग किया है। यहां तक की रुड़की, हरिद्वार और अल्मोड़ा में मतदाताओं को मतदान करने से रोका गया, जिसे साफ जाहिर हो रहा है कि सरकार पूरी तरह से डरी हुई है। उन्होंने कहा कि बीजेपी शराब, पैसा और धनबल बल से चुनाव जीतने का प्रयास किया है। लेकिन बीजेपी इस मंशा में कामयाब नहीं हो पाएगी। इस बार लोगों ने परिवर्तन के लिए अपना वोट किया है। भारतीय जनता पार्टी चुनाव को जहां सांप्रदायिक की दृष्टि से चुनाव लड़ा है तो वहीं कांग्रेस ने सबका साथ सबका विकास के नारे के साथ चुनाव लड़ा है। निश्चित ही नगर निकाय चुनाव में भारतीय जनता पार्टी पूरी तरह से परास्त होने जा रही है।

# कड़ाके की ठंड से बचने के लिए थानाध्यक्ष ने चौकीदारों को किया कंबल वितरण

वेलकम इंडिया

**मिश्रौलिया/सिद्धार्थनगर।** सर्द मौसम के चलते रात्रि गश्त व क्षेत्र में सतर्क दृष्टि बनाए रखने के लिए मिश्रौलिया थानाध्यक्ष हरिओम कुशवाहा ने शुक्रवार को थाना क्षेत्र के सभी चौकीदारों को थाने में बुलाकर मीटिंग ली और उन्हें शाशन के निदेर्शों से अवगत कराते हुए ठंड के मौसम में अपने अपने में सतर्क दृष्टि बनाए रखने के लिए कहा। घटना होने पर तुरंत पुलिस को सूचना दें। क्योंकि सर्द मौसम में चोरी जैसे घटनाएं बढ़ जाती हैं थानाध्यक्ष हरिओम कुशवाहा ने कहा सभी चौकीदार निरंतर रात्रि गश्त करते रहे थानाध्यक्ष ने कड़ाके की ठंड से बचने के लिए सभी चौकीदारों को कंबल वितरण किए। इस दौरान सभी कंबल पाकर सभी चौकीदारों के चेहरे खिल उठे। इस मौके पर थानाध्यक्ष हरिओम कुशवाहा, कांस्टेबल सिराजुद्दीन, ग्राम प्रधान व थाने पर मौजूद सभी पुलिस कर्मी रहे।






## अश्लील फोटो बनाकर ब्लैकमेल करने वाले पर मुकदमा दर्ज

**गाजियाबाद।** इंदिरापुरम थाना क्षेत्र में रहने वाली महिला ने एक युवक के खिलाफ बेटी की फोटो को अश्लील बनाकर वायरल कर बदनाम करने व धमकी देने का आरोप लगाया है। आरोपी फोटो डिलीट करने के नाम पर 15 हजार रुपये की डिमांड कर रहा है। पीड़िता ने पुलिस से आरोपी की शिकायत की है। इंदिरापुरम थाना क्षेत्र में रहने वाली महिला के अनुसार वह सुप्रीम कोर्ट में अधिवक्ता हैं। नवंबर 2024 में उन्हें किसी युवती के माध्यम से पता चला कि उनकी बेटी की नकली सोशल मीडिया प्रोफाइल बनाकर उस पर अश्लील फोटो लगाए हुए हैं। फोटो डिलीट करने के नाम पर उनकी बेटी से 15 हजार रुपये मांगे गए। आरोपी ने सोशल मीडिया पर उनकी बेटी के लिए गंदी गालियां लिखी और बदनाम करने की धमकियां दी। पैसे देने से इंकार करने पर आरोपी ने उनकी बेटी की अश्लील फोटो सोशल मीडिया पर वायरल कर दी। पीड़िता के अनुसार आरोपी ने एआई के जरिए अश्लील फोटो बनाई हैं और बार-बार उन्हें बदलकर लगा रहा है। एसीपी इंदिरापुरम स्वतंत्र कुमार सिंह का कहना है कि शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश की जा रही है।

# शिव प्रकाश मिश्र सेनानी ने नवनिर्मित पेट्रोल पम्प का रिबन काट किया उद्घाटन



विजय द्विवेदी वेलकम इन्डिया

**प्रतापगढ़।** लक्ष्मणपुर ब्लाक के रामपुर भेडियान मे श्यामशकर पाण्डेय के नव निर्मित पेट्रोल पम्प सावित्री फिलिग स्टेशन का उद्घाटन सुप्रीम कोर्ट के जाने माने अधिवक्ता भाजपा राज्य कार्यकारिणी के सदस्य शिवप्रकाश मिश्र सेनानी ने किया। फिलिग स्टेशन के बाद अपने मुख्यातिथीय सम्बोधन मे उपस्थित लोगो को सम्बोधित करते हुए सेनानी जी समाजसेवी श्याम शकर पाण्डेय को बधाई देते हुए कहा कि लक्ष्मणपुर मे पेट्रोल पम्प खुल जाने से किसानो के साथ ही अन्य लोगो को काफी सहूलियत होगी। हमारी तरफ से पाण्डेय जी को हर तरह का सहयोग मिलता रहेगा और आप सब उपस्थित महानुभावो को पेट्रोल पम्प और उसके मालिक को सहयोग करते रहना चाहिए।

प्रतिष्ठान के शुभारंभ पर स्थानीय विधायक, संघ परिवार, भाजपा परिवार, अधिवक्तागण, शिक्षकगण, पत्रकार गण सहित क्षेत्र के गणमान्य जनों ने सफलता की शुभकामनाएं दीं।

# बस स्कूटी की टक्कर के बाद हुआ हादसा, सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला

वेलकम इंडिया



**नूरपुर।** नूरपुर थाना क्षेत्र के मुरादाबाद रोड पर एक रोडवेज बस और स्कूटी की टक्कर के बाद बड़ा हादसा हो गया। टक्कर के बाद बस में अचानक आग लग गई, जो देखते ही देखते पूरी बस जल गई। हालांकि, गनीमत यह रही की कि बस में सवार सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार शाम को नूरपुर मुरादाबाद हाईवे पर अस्करीपुर के पास एक रोड़वेज बस ने स्कूटी सवार पुजारी को टक्कर मार दी जिसके बाद बस में अचानक से आग लग गई। आग लगने पर सवार यात्रियों में चीख पुकार मच गई राहगीरों ने आनन फानन में बस में सवार लोगों को जैसे तैसे सुरक्षित बाहर निकाला। हादसे में स्कूटी सवार गंभीर रूप से घायल हो गया।

तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया। स्कूटी के घिसटने की वजह से बस में आग लगी। सूचना मिलते ही नूरपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। दमकल विभाग की टीम पहुंची और आग पर काबू पाने का प्रयास किया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## अधिवक्ता पर जानलेवा हमला व फायरिंग की

**गाजियाबाद।** टीला मोड़ थाना क्षेत्र में गुरुवार रात साथियों के साथ घर लौट रहे अधिवक्ता पर कुछ लोगों ने जानलेवा हमला कर दिया। आरोपियों ने पिस्तौल की बट और डंडे से वार किए। वहीं, दहशत फैलाने के लिए कई राउंड फायरिंग भी की। घटना को लेकर टीला मोड़ थाने में शिकायत की गई है। डिफेंस कॉलोनी निवासी अधिवक्ता कपिल चंदेला कड़कड़डुमा कोर्ट दिल्ली में प्रैक्टिस करते हैं। गुरुवार रात नौ बजे वह दो साथियों के साथ घर लौट रहे थे। कपिल के भाई और भारतीय किसान यूनियन अजगर सेना के प्रदेश सचिव सौरभ ने बताया कि रास्ते में कपिल रिस्तल और नितिन सकलपुरा अपने ऑफिस पर जन्मदिन की पार्टी कर रहे थे। आरोप है कि उक्त लोग नशे में थे। जैसे ही कपिल उनके ऑफिस के बाहर से गुजरे तो आरोपियों ने गाली-गलौज कर दी।

# यथार्थ के सारथी संस्था ने एसएसपी कार्यालय में प्रार्थना पत्र दे कर चाइनीज मांझे को नष्ट करने की गुहार लगाई

वेलकम इंडिया



**मेरठ।** मेरठ शुक्रवार को यथार्थ के सारथी सामाजिक संस्था कि अध्यक्ष जूही त्यागी ने अपनी संस्था के पदाधिकारियों के साथ मिलकर एसएसपी कार्यालय में चाइनीज मांझे को नष्ट करनी कि अपील की जिसमें उन्होंने कहा कि कुछ समय से चाइनीज मांझे का प्रयोग अत्यधिक बढ़ गया है जिससे जनमानस को क्षति प्राप्त हो रही है पिछले कुछ समय से देखा गया है कि कई लोगों की जान तक जा चुकी है आपके द्वारा चलाए गए चाइनीस मांझे पर प्रतिबंध अभियान के तहत जो मांझा दुकानदारों से प्राप्त किया जाता है वह किसी न किसी प्रकार से थाने से संबंधित लोगों द्वारा दोबारा से युवाओं व बच्चों के हाथो में पहुंच रहा है जो की अत्यंत घातक व चिंताजनक गंभीर बात है इस प्रकार से चाइनीज मांझे पर प्रतिबंध मुहिम कभी सफल नहीं हो सकती हैं

अंतः महोदय आपसे विनम्र निवेदन हैं कि मुहिम के दौरान दुकानदारों से प्राप्त चाइनीज मांझे को थाने लाकर तुरन्त नष्ट किया जाए तथा उसकी वीडियोग्राफी के माध्यम से साक्ष्य सुरक्षित रखे जाए जिससे वो मांझा थाने से कभी बाहर ना आने पाए और जनमानस का जीवन चाइनीज मांझे से होने वाले नुक्सान से सुरक्षित रहे। जिस पर अधिकारी महोदय ने कार्यवाही करने का आश्वासन दिया गया साथ ही सुरक्षा की दृष्टि के मद्देनजर प्राप्त मांझे को एसएसपी कार्यालय में दिखाने की बात कही गई। संस्था अध्यक्ष जूही त्यागी के साथ संगीता शर्मा, रीना ठाकुर, प्रथम चौहान, तुषार कुमार, महिमा, कौशल, सन्नी, कनक आदि संस्था के सदस्य उपस्थित रहे।

# राज्य मंत्री यशवीर सिंह ने दीक्षांत समारोह में दिया छात्र-छात्राओं को सफलता का गुरु मंत्र

वेलकम इंडिया

उज्जवल रस्तौगी वरिष्ठ पत्रकार

**मेरठ।** दिल्ली रोड परतापुर स्थित डीएन पॉलिटेक्निक मैं आयोजित दीक्षांत समारोह के अवसर पर मुख्य अतिथि चौधरी यशवीर सिंह राज्य मंत्री एवं अध्यक्ष राज्य निर्माण एवं श्रम विकास सहकारी संघ लिमिटेड लखनऊ एवं विशिष्ट अतिथि संजीवेश्वर प्रकाश त्यागी अध्यक्ष जनता इंटर कॉलेज कैथवादी मेरठ ने वर्ष 2024 में उतरन हुए छात्र-छात्राओं को डिप्लोमा प्रदान करने के साथ-साथ गुरु मंत्र भी दिया इस अवसर पर संस्था के प्रधानाचार्य ने बुके देकर सभी मेहमानों का स्वागत किया विभिन्न समितियां के प्रभारी एवं उनके सदस्य भी इस अवसर पर उपस्थित रहे मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा संस्था का भ्रमण कर संस्था स्थित ऑडिटोरियम में उपस्थित वर्ष 2024 में उत्तीर्ण विभिन्न शाखों के 150 छात्र-छात्राओं को डिप्लोमा प्रमाण पत्र एवं संस्था में अध्यनरत द्वितीय वर्ष के 49 छात्र-छात्राओं को टेबलेट वितरण कर उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामना दी कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर निधि शर्मा द्वारा किया गया इस कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था के समस्त स्टाफ का महत्वपूर्ण योगदान रहा।



# सड़क सुरक्षा सप्ताह पर शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन

वेलकम इंडिया




**चांदपुर :** गुलाब सिंह हिंदू स्नातकोत्तर महाविद्यालय चांदपुर बिजनौर में राष्ट्रीय सेवा योजना तथा राष्ट्रीय कैडेट कोर के संयुक्त तत्वाधान में नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती के अवसर पर सड़क सुरक्षा मानव श्रृंखला एवं सड़क सुरक्षा शपथ ग्रहण का कार्यक्रम आयोजित कराया गया।

इस अवसर पर एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट प्रोफेसर अशोक कुमार ने कैडेट्स तथा स्वयंसेवकों व स्वयंसेविकाओं को सड़क सुरक्षा की शपथ ग्रहण कराई। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर साधना, महाविद्यालय के एकेडमिक डायरेक्टर प्रोफेसर अनिल कुमार वर्मा, राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्र इकाई के परियोजना अधिकारी डॉ ज्ञानेंद्र सिंह, छात्रा इकाई की परियोजना अधिकारी डॉ मीनाक्षी चौहान आदि रहे।

# अतिक्रमण हटाने को लेकर फल विक्रेताओं और नगर पालिका परिषद के बीच हुआ समझौता

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर।** नगर पालिका परिषद द्वारा रुक्मणी मार्केट के सामने काफी समय से स्थापित फल विक्रेताओं और पालिका परिषद के बीच दुकानों को हटाने को लेकर गुरुवार को काफी हंगामा हुआ था। पालिका परिषद ने पूर्व में दो-तीन नोटिस फल विक्रेता को दिए थे, लेकिन आरोप है कि फल विक्रेताओं ने उन नोटिस को अनदेखा कर दिया था। इसी बात को लेकर पालिका परिषद अधिकारी एवं कर्मचारियों ने पुलिस बल के साथ गुरुवार को फल विक्रेताओं के टीन शेड को एक तरफ से हटाना शुरू कर दिया। जिसको लेकर पालिका परिषद प्रशासन और दुकानदारों के बीच तीखी नोंक झोक हुई। दुकानदारों ने कुछ देर के लिए हाईवे को जाम कर दिया,लेकिन उसे बाद में पुलिस ने समझा कर हटा दिया। शुक्रवार को इसी बात को लेकर नगर पालिका परिषद कार्यालय में पालिका अध्यक्ष विनोद वैशाली जाटव, अधिशासी अधिकारी नरेंद्र मिश्र तथा सभासदों और दुकानदारों के बीच एक समझौता वार्ता हुई। जिसमें यह तय किया गया कि फल विक्रेता दुकानदार यहां से अपनी दुकानों को हटाएंगे और मोदी शुगर मिल के निकट मुख्य मार्ग पर नाले पर अस्थाई ठिए बनाकर उनको वहां स्थानांतरित किया जाएगा। ठिए उन्हें ही आवंटित होगे जो वर्तमान में फल ठिए लगाए हुए हैं । इस दौरान पूर्व विधायक सुदेश शर्मा भी मौजूद थे । उन्होंने दुकानदारों को समझौते को लेकर सहमति मांगी तो दुकानदार इस पर सहमत हो गए। इस फैसले के बाद दुकानदारों ने अपने ठिए उखड़ने शुरू कर दिए हैं । उधर पालिका परिषद के अधिकारियों और दुकानदारों के बीच अतिक्रमण को हटाने को लेकर हुई हुई नोंक झोंक को लेकर पालिका प्रशासन का आरोप है कि उसके कर्मचारियों के साथ कुछ दुकानदारों ने अभद्रता की थी। इसके विरोध में आज पालिका परिषद के कर्मचारी व स्टाफ हड़ताल पर रहे। उधर पूर्व विधायक सुदेश शर्मा व कुछ सभासदों ने ईओ और अध्यक्ष से आग्रह किया कि फल विक्रेता अपने ठिए हटा लेंगे,उन पर जो पालिका प्रशासन द्वारा कार्यवाही की गई है उसे वापस ले ली जाए, लेकिन इस संबंध में पालिका प्रशासन द्वारा अभी इस पर कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया गया है।

# चंचल हत्याकांड के 2 आरोपियों को नंदग्राम पुलिस ने किया गिरफ्तार

वेलकम इंडिया



**इंद्रेश शर्मा, गाजियाबाद ।** गाजियाबाद के नंदग्राम थानाक्षेत्र में 22 जनवरी की रात लेबर सप्लायर की हत्या में शामिल दो आरोपियों को पुलिस ने गुरुवार देर रात मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया। कार्रवाई के दौरान दोनों आरोपी पैर में गोली लगने से घायल हो गए। पुलिस का कहना है कि जुए के आठ सौ रुपये के विवाद में युवक ने बेइज्जती की थी, इसकी बदला लेने के लिए उसकी हत्या की गई। डीसीपी सिटी राजेश कुमार ने बताया कि नंदग्राम की दीनदयालपुरी कॉलोनी निवासी 35 वर्षीय चंचल 22 जनवरी की रात करीब साढ़े नौ बजे आश्रम रोड स्थित टेंपो स्टैंड पर साथियों के साथ बैठा हुआ था। जहां अज्ञात युवकों ने उस पर फायरिंग कर दी। दो गोली लगने से चंचल की मौत हो गई थी। चंचल के छोटे भाई जॉनी उर्फ प्रशांत ने गौरव, गौरव के साले हैप्पी और अन्य के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई थी। डीसीपी सिटी राजेश कुमार ने बताया कि आरोपियों की तलाश के चार टीमों का गठन किया गया था। पुलिस टीम गुरुवार रात चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान बिना नंबर प्लेट की बाइक पर दो युवकों को रुकने का इशारा किया, लेकिन वह बाइक मोड़कर भाग निकले। घेराबंदी कर दोनों दबोच लिया गया। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि उन्होंने चंचल की हत्या की थी। डीसीपी के मुताबिक, पुलिस जब आरोपियों हथियार बरामद करने ले गई तो उन्होंने खंडहरनुमा मकान में छिपाए तमंचों को निकालकर गोली चला दी और भागने का प्रयास किया। जवाबी कार्रवाई में पैर में गोली लगने से दोनों आरोपी घायल हो गए। आरोपियों की पहचान मधुबन बापूधाम निवासी अरुण और थाना बीबीनगर, बुलंदशहर के गांव हिंगवाड़ा निवासी अनुज गौतम के रूप में हुई है। डीसीपी का कहना है कि घटना में शामिल अरुण का सगा भाई नितिन फरार है, जिसकी तलाश की जा रही।

# नोएडा साइबर क्राइम पुलिस ने इन्वेस्टमेंट के नाम पर ठगी करने वाले चार लोगों को किया गिरफ्तार



वेलकम इंडिया

इंद्रेश शर्मा, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश में नोएडा की थाना साइबर क्राइम पुलिस ने व्हाट्सएप के जरिए इंवेस्टमेंट के नाम पर ठगी करने वाले चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। ये ठग वॉट्सएप ग्रुप में लोगों को जोड़कर इंवेस्टमेंट पर हायर प्रॉफिट का लालच देकर ठगी कर रहे थे. आरोपियों ने एक पीड़ित से 26 लाख 11 हजार रुपए तक ठगे थे। पुलिस ने पीड़ित के 6 लाख 34 हजार 831 रुपए फ्रीज कराकर उनकी वापसी की प्रक्रिया शुरू कर दी । डीसीपी साइबर क्राइम नोएडा प्रीति यादव के अनुसार, ठगों ने वॉट्सऐप ग्रुप के जरिए पीड़ित को जोड़कर पहले मुनाफा कमाने का झांसा दिया था। ऐसे में मुनाफा मिलने के बाद पीड़ित ने और पैसे निवेश किए। धीरे-धीरे ठगों ने 26 लाख रुपए ठग लिए। आरोपियों ने पीड़ित को एपीके फाइल भेजकर उसके फोन का एक्सेस हासिल कर लिया था और साइबर अपराध को अंजाम दिया। नोएडा की थाना साइबर क्राइम पुलिस ने कुलदीप गिरी, शादाब हुसैन, साहिल, और खुशी मोहम्मद को जलवायु विहार स्टेडियम रोड से गिरफ्तार किया.पुलिस ने पीड़ित के 6 लाख 34 हजार 831 रुपए फ्रीज कराकर उनकी वापसी की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

# उत्थान फाउंडेशन ने 76वें गणतंत्र दिवस पर आईआईएफए के छात्रों और शिक्षकों को किया सम्मानित



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर।** उत्थान फाउंडेशन ने 76 वें गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर मोदीनगर के छात्रों और शिक्षकों को उनके उत्कृष्ट योगदान और उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र दामोदर दास मोदी के समक्ष अपनी कला और पेंटिंग प्रस्तुत करने के लिए दिया गया। छात्रों ने 5 जनवरी को साहिबाबाद से नई अशोक नगर तक आरआरटीएस (रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम) के उद्घाटन के अवसर पर अपनी कलाकृतियां प्रधानमंत्री को भेंट की थीं। आईआईएफए (इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फाइन आर्ट्स), मोदीनगर के छात्रों मेघा दीक्षित, आदित्य वर्मा, अनमोल त्यागी, तनीषा, आयुष रस्तोगी, सिद्धार्थ गौतम और शैली शर्मा ने अपनी अद्भुत कला-कृतियों के माध्यम से प्रधानमंत्री को प्रभावित किया और पूरे शहर का मान बढ़ाया। उनके साथ उनके मेंटर्स और शिक्षक भी शामिल थे, जिन्हें इस अवसर पर विशेष रूप से सम्मानित किया गया। जिसमें इंस्टीट्यूट के प्रबंधक डॉ संघर्ष शर्मा, डॉ रूचि विद्यार्थी, दीपांशु सिंह, प्रीती शर्मा और प्रशांत झा मुख्य रहे इस सम्मान समारोह में उत्थान फाउंडेशन की संस्थापक सचिव डॉ. सोनिका जैन ने बताया कि डॉल्फिन पब्लिक स्कूल की छात्रा अनुष्का शर्मा को भी इस अवसर पर सम्मानित किया गया। आज के कार्यक्रम को सफल बनाने मे संस्था की महिला सदस्य रूचि गुप्ता, गजाला बारी, कामाक्षी माहेश्वरी, कविता गुप्ता, अलका चौधरी, ज्योति रानी, शिप्रा जैन और रितु कपूर का विशेष योगदान रहा। मोदीनगर की इस सफलता ने साबित कर दिया कि छोटे शहरों के छात्र भी बड़े मंचों पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा सकते हैं।

# भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ी पीएम आवास योजना,अपात्र लोगों को मिल रहा आवास

वेलकम इंडिया




**देहरादून/एजेंसी।** प्रधानमंत्री आवास योजना (पीएमएवाई) भारत सरकार द्वारा शुरू की गई एक महत्वाकांक्षी योजना है, जिसका उद्देश्य शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में गरीब और मध्यम वर्ग के लोगों को सस्ती और सुलभ आवास सुविधा प्रदान करना है। हालांकि, इस योजना को लागू करने में कुछ चुनौतियाँ और समस्याएं सामने आई हैं, जिनमें भ्रष्टाचार भी शामिल है। पीएम आवास योजना के कार्यान्वयन में भ्रष्टाचार के कई मामले सामने आए हैं। कुछ मामलों में यह पाया गया है कि आवासों का आवंटन नियमों के विरुद्ध किया गया है। इसमें योग्य लोगों को आवास नहीं मिला और अन्य अपात्र लोगों को आवास दे दिया गया है। उत्तराखंड में भी प्रधानमंत्री आवास योजना में भ्रष्टाचार के कई मामले सामने आए हैं। पीएम आवास आवंटन मामले में अफसरों की मिलीभगत से बड़ी संख्या में अपात्रों को ह्यपात्रह्न बनाकर आवास मुहैया कराने का मामला भी सामने आया है। ऐसे ही एक मामले में नोएडा के एक बिल्डर ने अलग-अलग नाम से कंपनी बनाकर प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत फ्लैट निर्माण का टेंडर हथिया लिया और दिल्ली/एनसीआर एवं उत्तर प्रदेश सहित अन्य दूसरे राज्यों के अपात्र लोगों को उत्तराखंड में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत फ्लैट आवंटित करवा दिए गए। दरअसल, सरकारी अफसरों ने लाभार्थियों के सत्यापन में सारा खेल कर दिया। पक्के मकान वाले अमीर लोगों को भी आवास दे दिया गया, जबकि जो वास्तव में इसके हकदार थे, उन्हें निराशा मिली। इस योजना के तहत ईडब्ल्यूएस श्रेणी के फ्लैट की कीमत 3,50,000 रुपए प्रति फ्लैट रखी गई है, लेकिन बिल्डर द्वारा जिन दूसरे राज्य के व्यक्तियों को फ्लैट आवंटित करवाए गए हैं, उनसे 6 से 7 लाख रुपए प्रति फ्लैट की वसूली की गई है। इस भ्रष्टाचार में दलाल, बिल्डर, और कई बड़े अधिकारियों का हाथ होने का आरोप है।

# महाविद्यालय में रोजगार मेला आयोजित किया



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर।** एसआरएस महाविद्यालय में रोजगार मेला आयोजित किया गया जिसमें वराहमर्ति फ्लेक्सीरब इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड गेझा, मेरठ द्वारा एच.आर. अंस्सिटेंट, अकाउंट्स, व गुणवता विभाग में 20 पदों की भर्ती के लिए सा्षात्कार का आयोजन किया गया । जिसमें गुणवता विभाग में 04, एच आर0 विभाग में 01 तथा अकाउंट विभाग में 01 कुल 06 छानों का चयन किया गया। सा्षात्कार के उपरांत महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ अजय कुमार गर्ग, सचिव अजय शर्मा, कार्यकारिणी सदस्य विजय शर्मा रुचिन शमा ने चयनित छात्रों को बधाई दीक।

# रोवर्स रेंजर्स के तीन दिवसीय विशेष प्रशिक्षण शिविर का समापन



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर।** मुलतानीमल मोदी कॉलेज में 22 जनवरी से चल रहे रोवर्स रेंजर्स के तीन दिवसीय विशेष प्रशिक्षण शिविर का तंबू निर्माण एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ समापन हो गया। इन तीन दिनों में प्रशिक्षक श्री महेश नेहरा ने विद्यार्थियों को भारत स्काउट एवं गाइड के इतिहास एवं महत्व की जानकारी दी एवं उन्हें विभिन्न प्रकार के बंधन एवं गांठों को लगाना सिखाया। इस अवसर पर प्रातः स्काउट गाइड ध्वजारोहण झंडा गीत एवं प्रार्थना का गायन हुआ उन्हें आपदा प्रबंधन आदि से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों की जानकारियां दी गई ।शिविर के तीसरे एवं अंतिम दिन दयानंद रोवर्स दल एवं रानी लक्ष्मीबाई रेंजर्स दल द्वारा तंबू निर्माण कार्य किया गया तथा अलग-अलग प्रदेशों के खान-पान एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का प्रदर्शन भी किया गया। रोवर्स रेंजर्स की गतिविधियों के निरीक्षण के लिए निरीक्षण दल ने निरीक्षण किया एवं रोवर्स रेंजर्स द्वारा किए गए कार्यों की सराहना की। इस अवसर पर प्रो मयंक त्यागी, डॉ विवेकशील, रेंजर्स प्रभारी डॉ सुनीता सिरोही, रविंद्र कुमार,सौरभ पाल,अरुण कुमार सिंह, रेंजर्स प्रभारी मनजीत, विशाल आदि की उपस्थिति रही।

# अनुष्का का है छाया स्कूल परिवार से पुराना नाता डॉ-अरुण त्यागी

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर।** गोविंदपुरी स्थित छाया पब्लिक स्कूल परिवार की तरफ से प्रधानमंत्री को अपनी कविता से प्रभावित करने वाली मोदीनगर की आन बान शान होनहार अनुष्का शर्मा का छाया स्कूल सभागार में जोरदार स्वागत किया गया। स्कूल के प्रधानाचार्य डॉक्टर अरुण त्यागी ने बताया की छाया स्कूल परिवार से अनुष्का का पुराना नाता है और प्रबंधन व शिक्षकों का प्यार दुलार आशीर्वाद इस होनहार बिटिया पर सदैव रहा है। अनुष्का के पिताजी डा संघर्ष शर्मा जो इंस्टीट्यूट आफ फाइन आर्ट में निदेशक के पद पर कार्यरत हैं उनका छाया पब्लिक स्कूल से अटूट नाता है। वह मेरे प्रिय व सर्वश्रेष्ठ छात्रों में से एक हैं आज मुझे यह बताते हुए गर्व व फक्र महसूस हो रहा है कि हमारे बच्चे राष्ट्रीय ही नहीं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी विलक्षण प्रतिभा की अमिट छाप हर मानस पटल पर स्वर्ण अक्षरों में अंकित कर रहे हैं। बुजुर्ग कहते हैं मूल से प्यारा ब्याज होता है तो आज अनुष्का के रूप में वह ब्याज हमें एक ऐसे मान सम्मान और खुशी की अनुभूति करा रहा है जिसकी कल्पना से ही व्यक्ति विशेष का मन और मस्तिष्क सम्मान से ऊंचा हो जाता है और इसने उसे कल्पना को साकार करके दिखाया है निश्चित रूप से आने वाले समय में यह एक ऐसी अधिकारी बनेगी जो देश की खुशहाली और तरक्की में अपना विशेष योगदान देगी अनुष्का के छाया स्कूल पधारने पर सभी विद्यार्थियों शिक्षकों व अन्य समाजसेवियों ने जोरदार स्वागत किया और उसकी तरक्की और खुशहाली के लिए प्रभु से कामना की इस शुभ अवसर पर महान कथावाचक अरविंद ओझा वैदिक गुरु प्रेमाचार्य जी वरिष्ठ पत्रकार व शहर के गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। विद्यालय प्रबंधक श्री अखिलेश द्विवेदी द्वारा आए हुए अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया और उन्होंने कहा की अनुष्का का आत्मविश्वास उसकी जिंदगी के उस मुकाम पर विराजमान करेगा जहां लोगों को देखने में एक विशेष गर्व का अनुभव होगा। इस अवसर पर स्कूल के समक्ष छात्र-छात्राएं व शिक्षक गण मौजूद रहे।



# भारत रत्न कपूर्री ठाकुर की जयंती धूमधाम से मनाया गया

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर।** भारतीय सेन समाज मोदीनगर की तरफ से भारत रत्न जननायक कपूर्री ठाकुर जी की जयंती को बड़े धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भारतीय सैन समाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बाबूलाल सैन के द्वारा समाज के हाई स्कूल इंटर में फर्स्ट डिवीजन पाने वाले बच्चों को मामोंटो और प्रशंसी पत्र देकर सम्मान किया। भारतीय सैन समाज मोदीनगर के अध्यक्ष एडवोकेट प्रमोद तंवर एवं संयोजक रामकुमार चौहान ने मंच का संचालन किया। अध्यक्षता संगठन के उपाध्यक्ष उमेश सैन की मंच पर विशिष्ट अतिथि अमर सिंह सैन राजकुमार सैन विजय कुमार सैन डॉक्टर रविदास सैन डॉक्टर प्रवीण सैन ललित सैन कृष्णपाल सैन पार्षद अजय सेन पत्रकार जननायक कपूर्री ठाकुर के जन्मदिवस पर अपने विचार रखें। जयंती के अवसर पर मुख्य अतिथि विनोद वैशाली चेयरमेन नगर पालिका जननायक कपूर्री ठाकुर और संत शिरोमणि सैन महाराज जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उपस्थित सभी समस्त सैन बंधुओ को जननायक कपूर्री ठाकुर की जयंती की बधाई दी। विनोद वैशाली चेयर मैन का संगठन के सभी पदाधिकारी ने फूलमाला पहनाकर बुग्गा एवं मोमेंटो से भव्य स्वागत किया। भारतीय सैन समाज के संगठन के सभी पदाधिकारी ने मिलकर अपने मुख्य अतिथि बाबूलाल सैन राष्ट्रीय उपाध्यक्ष का मोमेंट और फूलमाला से भाव स्वागत किया विशेष सहयोगी निरंजन सैन अनिल कुमार सैन पूर्व अध्यक्ष एवं पेंट वाले अनिल सावंत, किरण पाल सेन, का आयोजको न गोल्ड मेडल और फूल माला पहनना का स्वागत किया। हजारों की संख्या में सैन बंद होने भाग लिया।



# उत्तर प्रदेश दिवस पर जनपद में हुआ है ऐतिहासिक, भव्य व सुन्दर कार्यक्रम आयोजित: सांसद अतुल गर्ग

वेलकम इंडिया








**गाजियाबाद।** शासनादेश के अनुपालन में जिला प्रशासन द्वारा हिन्दी भवन, लोहिया नगर, गाजियाबाद में पूरे उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ उत्तर प्रदेश दिवस-2025 मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ का सम्बोधन लाइव प्रसारण के माध्यम से देखा गया। प्रदर्शनी देख बोले सांसदः आयोजनकताओं ने किया सराहनीय कार्य हिन्दी भवन परिसर में विभागों द्वारा लगभग 23 स्टॉल लगायी गयी। जिसमें भगवान बिरसा मुण्डा जी की 150वीं जयन्ती पर आधारित प्रदर्शनी, बेटी बचाओ-बेटी पढाओ नारी सुरक्षा आदि, मिशन शक्ति पर आधारित प्रदर्शनी, श्रद्धेय अटल बिहारी बाजपेयी शताब्दी वर्ष पर आधारित प्रदर्शनी, ओ०डी०ओ०पी० के अन्तर्गत जनपद के उत्पादों की प्रदर्शनी एवं उत्पादों का विक्रय, ईज ऑफ डूइंग बिजनेस पर आधारित प्रदर्शनी, इनवेस्ट उत्तर प्रदेश द्वारा वन ट्रिलियन डॉलर इकॉनामी पर आधारित प्रदर्शनी, प्रगतिमान उत्तर प्रदेश पर आधारित प्रदर्शनी, आपातकाल पर आधारित प्रदर्शनी, जनपद की कला संस्कृति एवं इतिहास पर आधारित प्रदर्शनी, काकोरी ट्रेन एक्शन पर आधारित प्रदर्शनी, जनपद के पर्यटन एवं पौराणिक स्थलों की प्रदर्शनी, महापुरूषों, महान क्रांतिकारियों एवं स्वतंत्रता सेनानियों की प्रदर्शनी एवं सभी विभागों द्वारा अपने-अपने विभाग की योजनाओं से सम्बन्धित प्रदर्शनी लगायी गयी। इस मौके पर राष्ट्रीय बालिका दिवस पर प्रदर्शनी व सेल्फी पॉइन्ट भी बनाया गया, जहां आगुन्तकों द्वारा से ?ल्फी ली गयी। राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर छात्राओं को सम्मानित किया भी किया गया। मुख्य अतिथि माननीय सांसद श्री अतुल गर्ग द्वारा सभी प्रदर्शनियों का अवलोकन किया गया।

# श्रेया आई सेंटर इंदिरापुरम द्वारा नेत्र जांच शिविर का आयोजन हुआ




वेलकम इंडिया

**गाजियबाद।** राष्ट्रीय व्यापार मंडल के वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष उत्तर प्रदेश प्रभारी विवेक त्यागी ने पैतृक आवास सिहानी सद्दीक नगर गाजियाबाद पर प्रात 10 बजे से श्रेया आई सेंटर इंदिरापुरम द्वारा नेत्र जांच शिविर का आयोजन हुआ तथा गाजियाबाद के मुख्य चिकित्सा अधिकारी अखिलेश मोहन के द्वारा आयोजित 70+ आयुष्मान कार्ड शिविर में बीपी शुगर आदि की जांच का शिविर आरम्भ हुआ। शिविर का शुभारंभ रिटायर्ड आईएएस अधिकारी ओमवीर सिंह वीरवाल एवं राष्ट्रीय व्यापार मंडल के राष्ट्रीय सचिव प्रदीप चौधरी ने किया। विवेक त्यागी ने सभी से ज्यादा से ज्यादा नेत्र परीक्षण कराकर बीपी शुगर जांच करा कर तथा 70 प्लस के आयुष्मान कार्ड जैसी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 5 लाख तक की मुफ्त चिकित्सा सुविधा का लाभ उठाने का जनता से किया वादा निभाया तथा सभी से ज्यादा से ज्यादा स्वास्थ्य लाभ प्राप्त करने की अपील भी की। योगी सरकार की टीबी मुक्त प्रदेश की मुहिम को भी आगे बढ़ाने का काम किया लोगों की शिविर में जांच कराई।

# गाजियाबाद द्वारा महामाया स्पोर्ट्स स्टेडियम में चल रही जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं के आयोजन



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** समारोह की अध्यक्षता व प्रतियोगिता का संचालन सुश्री पूनम विश्नोई उपक्रीडाधिकारी, द्वारा किया गया। खिलाड़ियों ने अपना उत्कृष्ठ प्रदर्शन करते हुए अव्वल स्थान प्राप्त किया। खेल निदेशालय उ०प्र० लखनऊ के तत्वाधान में जिला खेल कार्यालय, गाजियाबाद द्वारा महामाया स्पोर्ट्स स्टेडियम में चल रही जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं के आयोजन में दूसरे दिन आज दिनांक 23 जनवरी, 2025 को नेता जी सुभाष चन्द्र बोस जयन्ती के शुभ अवसर पर जिला स्तरीय जूनियर जूडो बालिका व नैटबाल बालिका वर्ग में तथा पावरलिफटिंग बालक वर्ग में प्रतियोगिताओं का आयोजन महामाया स्पोर्ट्स स्टेडियम, गाजियाबाद में किया गया। उक्त जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं का शुभारम्भ परमजीत सेवा संस्थान की अध्यक्ष परमजीत जी व उपक्रीड़ाधिकारी पूनम विश्नोई द्वारा किया गया। उक्त प्रतियोगिता में जनपद के स्कूल/स्टेडियम व संस्था आदि के बालक/बालिका खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता के आयोजन में सभी खिलाड़ियों ने अपना उत्कृष्ठ प्रदर्शन करते हुए अव्वल स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर कुछ प्रिया जी मण्डलाध्यक्ष शैक्षणिक प्रकोष्ठ भा०ज०पार्टी मुख्य अतिथि द्वारा विजेता व उपविजेता स्थान प्राप्त करने वाले प्रतियोगियों को पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। समारोह की अध्यक्षता व प्रतियोगिता का संचालन सुश्री पूनम विश्नोई उपक्रीडाधिकारी, द्वारा किया गया। प्रतियोगिता के परिणाम इस पत्र के साथ संलग्न कर प्रेषित किये जा रहें है।

जूडो बालिका वर्ग 72 बालिका खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। नैटबाल बालिका वर्ग में जनपद की 08 टीमों ने प्रतिभाग किया। पावरलिफटिंग बालक वर्ग में 66 बालक खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया।

# गाजियाबाद डीआईओएस ने फिट जी कोचिंग के मालिक समेत चार पर कराया मुकदमा दर्ज

वेलकम इंडिया




**इंद्रेश शर्मा, गाजियाबाद ।** गाजियाबाद स्थित फिट जी कोचिंग सेंटर के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है ।इस मामले में कोचिंग सेंटर के मालिक और सेंटर इंचार्ज समेत चार लोगों के खिलाफ केस दर्ज हुआ है ।यह मुकदमा कोचिंग सेंटर में एडमिशन लेने वाली एक छात्रा के अभिभावक की शिकायत के बाद जिला विद्यालय निरीक्षक ने कराया है। फिट जी कोचिंग सेंटर गाजियाबाद के कवि नगर थाना क्षेत्र के पॉश इलाके आरडीसी में स्थित है। कोचिंग सेंटर के ऊपर आरोप है कि पूरी फीस लेने के बावजूद क्लास नहीं दी जा रही है। दूसरी तरफ पुलिस ने कहा कि उनकी कोचिंग सेंटर वालों से बात हुई है और उन्होंने वादा किया है कि किसी भी बच्चे की पढ़ाई नहीं रुकेगी। गाजियाबाद कोर्ट में प्रैक्टिस करने वाले एडवोकेट एच एल कपूर ने बताया कि उन्होंने अपनी पोती और पोते का एडमिशन इस कोचिंग सेंटर में करवाया था। सेंटर वालों ने फीस एडवांस में ले ली, लेकिन बाद में कोचिंग सेंटर के टीचर छोड़कर चले गए। टीचरों ने अभिभावकों को बताया कि उनको सैलरी नहीं दी जा रही है। जो नए टीचर कोचिंग में आए हैं, वह बच्चों के लेवल के लायक नहीं थे। उनके पास अनुभव भी नहीं है। ऐसे में जब फीस वापसी की मांग की गई, तो कोचिंग सेंटर फीस वापस नहीं दे रहा है. एडवोकेट कपूर ने बताया कि सेंटर में 800 बच्चे हैं, जिनका भविष्य दांव पर लग गया है। इन्होंने जिला प्रसाशन से शिकायत की जिस के बाद मुकदमा दर्ज किया गया है। डीसीपी राजेश कुमार ने बताया कि शिकायत पर चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस की दखल के बाद कोचिंग सेंटर के लोगों ने विश्वास दिलाया है कि किसी भी छात्र का अहित नहीं होगा और उनकी कोर्स और पढ़ाई पूरी की जाएगी जिला विद्यालय निरीक्षक ने पुलिस को भेजे पत्र में कहा है कि इस केंद्र ने बिना रजिस्ट्रेशन के कोचिंग शुरू कर दी थी। इसके साथ-साथ बिल्डिंग के मालिक ने भी किराये के लिए कोचिंग सेंटर पर नोटिस चस्पा किया है।

# चोरों ने लाखों के माल पर किया हाथ साफ

**गाजियाबाद।** बेखौफ चोरों ने दो अलग-अलग स्थानों पर बंद घरों को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये के माल पर हाथ साफ कर दिया। घटना का पता लगने पर पीड़ितों ने संबंधित थाने में शिकायत दी। पुलिस का कहना है कि केस दर्ज कर लिया गया है। चोरों को ट्रेस करने के लिए सीसीटीवी कैमरे खंगाले जाएंगे। मसूरी निवासी वसीम का कहना है कि 22 जनवरी को वह मकान का ताला लगाकर परिवार के साथ रिश्तेदारी में ओखला दिल्ली गए थे। देर रात करीब साढ़े 12 बजे की तड़के ताऊ के लड़के शकील ने उन्हें फोन करके घर का ताला टूटा होने तथा मैन गेट खुला होने के बारे में बताया। शकील ने बताया कि दो लोग बिना नंबर प्लेट की स्कूटी पर फरार हुए हैं। शकील वसीम के मुताबिक रात करीब डेढ़ बजे वह घर पहुंचे तो अलमारी खुली पड़ी थी। चेक करने पर उसमें रखा मोबाइल, हाथ की घडी तथापांच हजार रुपये गायब मिले। घटना के संबंध में पीड़ित ने स्कूटी सवार अज्ञात चोरों के खिलाफ मसूरी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

# नए साल में भी शुरू नहीं हो पाया महामाया स्टेडियम के जीर्णोद्धार का काम

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** महामाया स्पोर्ट्स स्टेडियम को संवारने का काम नए साल से भी शुरू नहीं हो पाया है। जबकि स्टेडियम के जीर्णोद्धार के कार्य को नए साल से शुरू किया जाना था। जीर्णोद्धार के तहत स्टेडियम की खराब दीवारों को दुरुस्त करने, परिसर में बने खराब फुटपाथ को नया बनाकर इसका सौंदर्यकरण एवं मुख्य गेट का सौंदर्यकरण आदि कराना शामिल है।

महामाया स्पोर्ट्स स्टेडियम करीब 12 एकड़ में फैला हुआ है। यहां क्रिकेट से लेकर फुटबॉल, एथलेटिक्स, बॉक्सिंग, डॉकी आदि खेलों में खिलाड़ी अपना भविष्य बनाने के लिए खेल का प्रशिक्षण लेने आते हैं। दिल्ली से सटे होने के कारण भी स्टेडियम में खिलाड़ियों का काफी दबाव रहता है। रोजाना करीब 200 खिलाड़ी विभिन्न खेलों में अभ्यास करने के लिए आते हैं। वर्तमान में सरकारी स्टेडियम की सुंदरता धीरे-धीरे कम हो रही है। इसके अलावा कई खेलों के मैदान की स्थिति भी ठीक नहीं है। स्टेडियम की चारदीवारी भी कई जगह से खराब हो चुकी है। कई जगहों से प्लास्टर उखड़ रहा है। जिससे स्टेडियम की सुंदरता में कमी आ रही है। स्टेडियम परिसर में मैदान के किनारे बना फुटपाथ भी खस्ताहाल है जिससे सुबह के समय लोगों को टहलने में दिक्कत होती है। इन सबको देखते हुए जिला खेल विभाग ने बीते अगस्त माह में स्टेडियम का जीर्णोद्धार कराने का प्रस्ताव शासन के पास भेजा था जिसे मंजूरी मिल गई थी। इसके बाद जीर्णोद्धार का कार्य नए साल से शुरू होना था, लेकिन कार्य शुरू नहीं हो पाया है। इससे यहां अभ्यास करने वाले खिलाड़ियों को भी कई तरह की परेशानी होती है। जिला उप खेल क्रीड़ाधिकारी पूनम बिश्नोई ने बताया कि जीर्णोद्धार का कार्य अप्रैल से शुरू होगा। अभी टेंडर प्रक्रिया चल रही है।

स्टेडियम की बारदिबारियों का नवीनीकरण, खराब दीवारों को दुरुस्त करने, स्टेडियम परिसर में बने फुटपाथ को भी दुरुस्त कर इसका सौंदर्यकरण का काम होगा।

# नगर आयुक्त ने अधिकारियों को वितरित किए वॉकी टॉकी

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** नगर निगम द्वारा शहर में कराए जाने वाले विकास कार्यों में तेजी लाने और हाईटेक पद्धति से कार्यों को रफ्तार देने के लिए वॉकी-टॉकी से अब अधिकारी लैस किए गए है। इसी क्रम में शुक्रवार को नगर आयुक्त विक्रमादित्य मलिक ने अपने ऑफिस में नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथिलेश कुमार, चीफ इंजीनियर एनके चौधरी, उद्यान प्रभारी डॉ.अनुज कुमार सिंह, प्रकाश प्रभारी कामाख्या प्रसाद आनंद, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी डॉ.संजीव सिन्हा आदि टीम को वॉकी-टॉकी वितरित किए। इसके माध्यम से टीम को संयुक्त रूप से निर्देशित करने का कार्य किया जाएगा। वॉकी-टॉकी के माध्यम से एक ही समय में सभी विभागीय अधिकारियों तथा समस्त संबंधित स्वास्थ्य व अन्य टीम को सरलता से निर्देश दिए जा रहे हैं। यह शहर के लिए लाभदायक सिद्ध हो रहा है। अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग और उद्यान विभाग की टीम को विशेष रूप से वॉकी-टॉकी दिए गए हैं। इसके माध्यम से एक ही समय में अधिकारी पूरी टीम को निर्देशित करते हुए कार्य कर रहे हैं। नगर आयुक्त के नेतृत्व में सराहनीय पहल है। जिसका उपयोग जन समस्याओं के समाधान के लिए किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग के सफाई नायकों, सेनेटरी इंस्पेक्टर, चीफ सेनेटरी इंस्पेक्टर, उद्यान विभाग के सुपरवाइजर एवं अन्य विभागों के अधिशासी अभियंता, अवर अभियंता तथा सभी जोनल प्रभारी सहित विभागीय अधिकारियों को भी वॉकी-टॉकी उपलब्ध कराए गए हैं। इसके साथ ही कार्यों को तेजी से पूर्ण करने के लिए निर्देशित भी किया गया है।

# नामी कंपनी के नकली सामान बेचने वाला दुकानदार गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** साहिबाबाद थाना क्षेत्र में एक दुकानदार नामी कंपनी के नकली विद्युत उपकरण बेच रहा था। जानकारी मिलने के बाद कंपनी प्रबंधन ने पुलिस के साथ छापा मारा। इस दौरान हजारों रुपये का नकली सामान मिला। दुकानदार के खिलाफ कॉपीराइट एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। नई सीमापुर दिल्ली निवासी इमरान के अनुसार, वह एक निजी कंपनी में जांचकर्ता हैं। उन्हें सूचना मिली कि साहिबाबाद थाना क्षेत्र में कंपनी का नकली सामान बेचा जा रहा। उन्होंने पुलिस से शिकायत की। इसके बाद 22 जनवरी को पुलिस के साथ मिलकर नितिन इलेक्ट्रॉनिक्स नामक दुकान पर छापा मारा।

# मुस्लिम दंपति ने विधि-विधान से अपनाया हिन्दू धर्म, हुआ नामकरण



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** एक मुस्लिम दंपति ने हाल ही में पूरे विधि-विधान के साथ हिंदू धर्म अपना लिया। बताया जा रहा है कि यह दंपति पिछले 7-8 सालों से हिंदू धर्म का पालन कर रहा था और सभी रीति-रिवाजों के साथ जीवन यापन कर रहा था। जिसके बाद उन्होंने अपनी मर्जी से मुस्लिम धर्म छोड़कर सनातन धर्म अपना लिया। इस दंपति को नया नाम भी मिल गया है, शहजाद को शिवकुमार भारद्वाज व उनकी पत्नी की साक्षी भारद्वाज नाम दिया गया है। इस काम को हिंदू रक्षा दल के अध्यक्ष पिंकी चौधरी के नेतृत्व में अंजाम दिया गया और उन्होंने ही दोनों की घर वापसी कराई। पिंकी चौधरी ने बताया कि 'एक परिवार की घर वापसी कराई है, जिसको हमने शहजाद से शिव कुमार और उसकी पत्नी को साक्षी भारद्वाज नाम दिया है। इस परिवार की पिछले 7-8 वर्षों से सनातन धर्म में विशेष आस्था थी और वे सनातन धर्म अपनाना चाह रहे थे। हमने यह पुण्य का काम किया है। मैं यह चाहता हूं सभी लोगों को ऐसा पुण्य का काम करना चाहिए। इस परिवार को हम सम्मान दिलाने का काम करेंगे। आगे भी आप देखेंगे में काफी परिवारों को जो मेरे सम्पर्क में हैं, उनकी में सनातन धर्म में वापसी कराऊंगा।' सनातन धर्म में वापसी कराने के लिए मुस्लिम दंपति का शुद्धिकरण किया गया।

# प्रदेश सरकार की ओर से लखनऊ में समरकूल ग्रुप के सीएमडी संजीव गुप्ता को किया गया राज्य पुरस्कार से सम्मानित








वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** शुक्रवार को अवध शिल्प ग्राम लखनऊ में उत्तर प्रदेश सरकार के एम एस एम ई विभाग के द्वारा आयोजित वृहद प्रदेश स्तरीय एक समारोह में उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से समरकूल ग्रुप के चेयरमैन संजीव कुमार गुप्ता को राज्य पुरस्कार देकर सम्मानित किया है। उत्तर प्रदेश में इलैक्ट्रिकल श्रेणी में यह राज्य पुरस्कार केवल समरकूल होम एप्लायंसेज लिमिटेड गाजियाबाद को ही प्राप्त हुआ है। बेहतर उत्पादन एवं रोजगार का सृजन करने के लिये समरकूल को यह पुरस्कार दिया गया है। लखनऊ में आयोजित इस समारोह में उत्तर प्रदेश में उधोगों को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश के स्थापित उघोगपतियों को राज्य के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में राज्य पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया है। ताकि प्रदेश में रोजगार के ज्यादा से ज्यादा अवसर सृजित किये जा सकें। लगभग तीन माह पूर्व भी गाजियाबाद में आयोजित एक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समरकूल ग्रुप के चेयरमैन संजीव कुमार गुप्ता को समरकूल की ग्रोथ एवं उत्पादन विस्तार के लिए तीस करोड़ रुपए का चैक सौंपा था। राज्य पुरस्कार मिलने पर संजीव कुमार गुप्ता ने बताया कि लगभग एक वर्ष पूर्व समरकूल ने प्रदेश सरकार की ओर से लखनऊ में आयोजित इन्वेस्टर समिट में भाग लिया था। जिसमें समरकूल ने भी प्रदेश सरकार के समक्ष इन्वेस्टमेंट का एक बड़ा करार साईन किया था। इसी कड़ी में समरकूल ने अपनी उत्पादन की क्षमता एवं गुणवत्ता के साथ साथ रोजगार सृजन के मानदंडों को स्थापित करते हुए। प्रदेश में इलैक्ट्रिकल श्रेणी में राज्य पुरस्कार प्राप्त करने के लिए अपना स्थान बनाया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा राज्य पुरस्कार प्रदान किये जाने पर संजीव कुमार गुप्ता ने मुख्यमंत्री एवं एम एस एम ई विभाग का धन्यवाद देते हुए कहा कि पुरस्कार पाकर उनमें, कुछ कर गुजरने का हौसला पहले से ज्यादा बुलंद हुआ है। जिसका परिणाम आपको समरकूल की तेजी से बढती ग्रोथ के रूप में देखने को मिलेगा। चूंकि यह सरकार सदैव उधोग जगत के हितों को ध्यान में रखते हुए काम कर रही है। तथा आज प्रदेश में भयमुक्त माहौल है।

# जीडीए ने हम तुम रोड का कराया टोटल सर्वे, जाम से मिलेगी निजात

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** जीडीए ने राजनगर एक्सटेंशन की हम-तुम रोड का टोटल सर्वे का काम शुरू कर दिया है। इससे क्षेत्रीय विकास और ट्रैफिक की समस्या के समाधान के लिए यह अहम कदम उठाया जा रहा है। जीडीए उपाध्यक्ष अतुल वत्स के नेतृत्व में 24 मीटर जोनल प्लान रोड (हम तुम रोड) का कायाकल्प किया जा रहा है। इस सड़क का टोटल स्टेशन सर्वे जीडीए अभियंत्रण जोन-1 की टीम द्वारा किया जा रहा है। हम तुम रोड के निर्माण से दिया ग्रीन, निलाया ग्रीन्स, महक जीवन, मीडोज विस्टा और मोती रेजीडेंसी जैसी आदि सोसाइटी को जोड़ने वाला यह मार्ग स्थानीय निवासियों के लिए वरदान साबित होगा। इस क्षेत्र में ट्रैफिक की समस्या अत्यधिक है, जिससे लोगों को आवागमन में कठिनाई होती है। सड़क का निर्माण पूरा होने के बाद यह समस्या दूर हो सकेगी। इसके साथ ही ट्रैफिक भी सुचारु रूप से सुनिश्चित किया जा सकेगा। बता दें कि जीडीए उपाध्यक्ष अतुल वत्स ने 18 जनवरी शनिवार को संबंधित अधिकारियों के साथ हम-तुम रोड का निरीक्षण का किया था। निरीक्षण के दौरान सड़क के आसपास अवैध निर्माण को हटाने के सख्त निर्देश दिए थे। जीडीए उपाध्यक्ष के निर्देश पर जीडीए टीम ने अवैध निर्माण पर तत्काल ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए सीलिंग और ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की है।